

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,शुक्रवार 29 मार्च 2024 ■ चैत्र कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-358 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### ईडी को चाहिए केजरीवाल के फोन का पासवर्ड

**नई दिल्ली ,29 मार्च ।** आप नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि कल दोपहर को जब राउज एवेन्यू कोर्ट में सीएम केजरीवाल की रिमांड पर बहस चल रही थी तो ईडी के वकील ने अंजाने में ईडी के असली मोटिव को कोर्ट के सामने रख दिया। वकील ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को अभी कुछ दिन और रिमांड पर रखने की जरूरत है क्योंकि केजरीवाल ने अपने फोन का पासवर्ड हमें नहीं बताया है। आतिशी ने कहा कि यह वही ईडी है जो यह कह चुकी है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का आबकारी नीति बनाए जाने के समय का फोन हमें नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि अब सवाल उठता है जो फोन कुछ माह पुराना है, उसे ईडी क्यों देखना चाहती है। मतलब साफ है कि कि ईडी उस फोन में क्या देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि मैं बताना चाहती हूं कि ईडी के माध्यम से भाजपा उस रणनीति को देखना चाहती है कि चुनाव को लेकर अरविंद केजरीवाल की क्या रणनीति है। वह देखना चाहती है कि अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव को लेकर क्या रणनीति तैयार की है। किस तरह एक-एक सीट का सर्वे कराया है। विपक्षी गठबंधन के साथ मिलकर उन्होंने चुनाव को लेकर क्या तैयारी की है।

### पत्नी और तीन नाबालिग बेटियों की धारदार हथियार से काटकर हत्या

**मोतिहारी ,29 मार्च ।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र में एक महिला और उसकी तीन नाबालिग बेटियों की धारदार हथियार से काटकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप महिला के पति पर लगा है। वह मौके से फरार है। पुलिस के मुताबिक, बावरिया गांव में शुक्रवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर एक घर से एक महिला और तीन बच्चियों का शव बरामद किया गया। सभी की धारदार हथियार से काटकर हत्या की गई है। पुलिस उपाधीक्षक रंजन कुमार ने आईएएनएस को बताया कि हत्या के बाद मृतक महिला का पति घर से फरार है। मृतक बच्चियों की उम्र नौ से 14 वर्ष के बीच है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### यात्री कैब के खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत

**श्रीनगर ,29 मार्च ।** जम्मू-कश्मीर से एक बड़े हादसे की खबर सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक, जम्मू से श्रीनगर जा रही एक यात्री कैब रामबन इलाके में हादसे का शिकार हो गई है। कैब रामबन इलाके में बैटरी चश्मा के पास जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गहरी खाई में गिर गई। जानकारी के अनुसार हादसे में 10 लोगों की मौत की अशंका है। पुलिस, एसडीआरएफ और सिविल क्यूआरटी रामबन मौके पर पहुंचे लेकिन इलाके में गहरी खाई, अंधेरे और बारिश के कारण बचाव अभियान शुरू होने में समस्या आ रही है। वहीं रामबन इलाके में हुए इस बड़े हादसे में कैब में यात्रा कर रहे कई यात्रियों की मौत की आशंका जताई जा रही है। रिपोर्ट्स की मानें तो जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन जिले के बैटरी चश्मा इलाके में दुर्घटनास्थल से कथित तौर पर 10 शव बरामद किए गए हैं।

### दिलीप घोष के खिलाफ केस

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर टिप्पणी को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष के खिलाफ दुर्गापुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घोष के खिलाफ शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है. अधिकारी ने कहा कि दुर्गापुर अदालत के एक वकील और एक अन्य व्यक्ति की शिकायतों के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. बयान पर माफी मांगी प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष घोष ने बनर्जी पर अपनी टिप्पणियों के लिए बुधवार को माफी मांग ली थी.

## कांग्रेस को आयकर से बड़ा झटका 1,700 करोड़ का नोटिस

**नई दिल्ली,28 मार्च.** दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा टैक्स नोटिस को चुनौती देने वाली पार्टी की याचिका खारिज करने के एक दिन बाद कांग्रेस को आयकर विभाग से 1,700 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। सूत्रों ने कहा कि ताजा नोटिस आकलन वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए है और इसमें जुर्माना और ब्याज शामिल है। फरवरी में आयकर विभाग ने पार्टी के टैक्स रिटर्न में गड़बड़ी पाई थी और 200 करोड़ रुपये की मांग की थी। आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने पार्टी को बकाया भुगतान करने को कहा था और उनके खाते फ्रीज कर दिए थे। कांग्रेस ने कहा कि टैक्स



ट्रिब्यूनल का उसके फंड को रोकने का आदेश लोकतंत्र पर हमला है क्योंकि यह आदेश लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आया है। गुरुवार को, दिल्ली उच्च न्यायालय ने कांग्रेस द्वारा उसके खिलाफचार साल की अवधि के लिए कर पुनर्मूल्यांकन कार्यवाही शुरू करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। इस चुनाव में राजनीतिक दलों के लिए फंडिंग एक केंद्रीय मुद्दा बनता जा रहा है, खासकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बांड को रद्द करने के बाद - जो व्यक्तियों और/या व्यवसायों को राजनीतिक दलों को गुमनाम दान करने की इजाजत देता है - इस आधार पर कि यह नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करता है।

पिछले हफ्ते कांग्रेस नेता अजय माकन ने मीडिया से कहा था, चुनाव की तारीख आ गई है और हम अपने बैंक में पड़े ?285 करोड़ का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं. प्रचार के लिए हमें अखबारों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में स्लॉट बुक करना होगा, हमें मिलना होगा पोस्टर छपवाए। अगर हम ये काम भी नहीं कर पाएंगे तो लोकतंत्र कैसे बचेगा? उन्होंने कहा था कि हमें तीन बातें कहनी हैं. प्रत्येक राजनीतिक दल को आयकर से छूट है। अगर कभी किसी ने पेनल्टी नहीं दी तो फिर कांग्रेस के साथ ऐसा क्यों है?



रायपुर। यात्री प्रतिक्षालय बना मोटर सायकल स्टैंड.

## आरपीआई ने भाजपा को दिया समर्थन

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,29 मार्च.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को लिखे अपने पत्र में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद रामदास आठवले ने आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत छत्तीसगढ़ में सभी लोकसभा सीटों पर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की ओर से भाजपा प्रत्याशियों को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। श्री आठवले ने कहा है कि डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की विचारधारा को अपनाकर रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) एनडीए में मित्रवत पार्टी के रूप में काम कर रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव को भेजे अपने पत्र में श्री आठवले ने कहा है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश प्रगति करके आगे बढ़ रहा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, और सबका प्रयास इस घोषणा को सभी जाति व धर्म के लोग स्वीकार कर रहे हैं। कॉंग्रेस के 70 सालों के शासनकाल की तुलना में प्रधानमंत्री श्री मोदी का कार्यकाल स्वर्णकाल माना जा रहा है। इसलिए भाजपा को केंद्र में सरकार स्थापना करने के लिए रिपब्लिकन पार्टी ऑफइंडिया (आठवले) छत्तीसगढ़ राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर अपना उम्मीदवार खड़ा नहीं करेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आठवले का पत्र लेकर आरपीआई (आठवले) के प्रदेश प्रभारी अभिषेक वर्मा ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव से भेंट करके यह पत्र उन्हें सौंपा।

## कांग्रेस पार्टी का एटीएम बन गया था छत्तीसगढ़ :साय

**डौंडीलोहारा,28 मार्च** ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बालोद जिले के डौंडीलोहारा में बड़ी बात कही. भूपेश बघेल को घेरते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महादेव सट्टा एप बंद न हो, चलता रहे इसके लिए भूपेश बघेल पर 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप लगा है. जिस पर एफआईआर भी दर्ज हुई है. ये छत्तीसगढ़ के लिए कितनी शर्म की बात है. कांग्रेस सरकार ने महादेव सट्टा एप से प्रदेश के बच्चों के भविष्य को बर्बाद कर दिया। भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बना दिया था। महतारी वंदन योजना के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी में हर महीने महतारियों को एक हजार रूपये देने का वादा था । जिसके अंतर्गत हमने प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में पहली किश्त जारी की । उन्होंने कहा मैं यहाँ की माताओं-बहनों को बता देना चाहता हूँ कि अब पहले सप्ताह में नहीं, पहली तारीख में ही महतारी वंदन योजना की राशि जारी कर देगी हमारी सरकार। वे यहाँ एक विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे । उन्होंने कांग्रेस पर एक बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 5 साल में कांग्रेस की सरकार ने भ्रष्टाचार और घोटाले की सारी हदें पार कर दी थी. शराब घोटाला किया, जिसके दो काउंटर थे. एक काउंटर का पैसा कांग्रेस सरकार के खाते में और दूसरे काउंटर का पैसा सोनिया-राहुल के खाते में जाता था. सीएम साय मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताते हुए कहा कि मोदी जी ने 10 साल में गांव, गरीब, किसान, मजदूर सबकी सेवा की, उनको आर्थिक रूप से सशक्त बनाया। मोदी सरकार सदैव गरीबों के लिए समर्पित रही है। मुख्यमंत्री बोले कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायका है इसलिए प्रभु राम हम सबके भांचा हैं. भव्य राम मंदिर के निर्माण से पूरे छत्तीसगढ़ वासी खुश हैं और गौरवान्वित हैं. मोदी जी ने पूरी दुनिया में 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान बढ़ाया। इसलिए हम सबका कर्तव्य है कि उनको तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं ।



## बहुत सुकून मिला है, अंसारी की मौत के बाद पीड़िता का बयान

**मऊ ,29 मार्च।** माफिया मुख्तार अंसारी का अपराध की दुनिया से कितना पुराना रिश्ता रहा है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसके खिलाफ एक या दो नहीं, बल्कि 65 मुकदमे दर्ज थे, जिसमें 18 हत्या के थे। अब मुख्तार अंसारी की मौत के बाद हत्या के एक मामले में मृतक की पत्नी ने अपना बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि मुख्तार अंसारी की मौत से उनको बहुत सकून मिला है। मुख्तार अंसारी के खिलाफ लखनऊ, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, सोनभद्र, मऊ, आगरा, बाराबंकी, आजमगढ़ के अलावा नई दिल्ली और पंजाब में भी मुकदमा दर्ज थे। मऊ जनपद के शहर के नरइबान्ध स्थित यूनियन बैंक के पास 29 अगस्त 2009 को ठेकेदार अजय प्रकाश उर्फ मन्ना सिंह पर तीन बाइक पर सवार 6 बदमाशों ने गोलियां बरसाई, जिसमें ठेकेदार मन्ना सिंह की मौत हो गई। ठेकेदार का चालक साबिर व इनका साथी राजेश राय को भी गोली लगी थी, जिन्हें वाराणसी में भर्ती कराया गया था। इस मामले में मन्ना सिंह के भाई हरिंदर सिंह ने मऊ सदर से तब के विधायक मुख्तार अंसारी, हनुमान पांडे, कल्लू सिंह और उमेश सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मुखतार अंसारी की मौत के बाद मृतक ठकेदार मन्ना सिंह की पत्नी मंजू सिंह ने आईएएनएस को बताया कि मुझे अंदर से काफी सकून मिल रहा है।

## अनशन पर बैठे कौशिक को देवेंद्र यादव ने पिलाया जूस

**बिलासपुर 29 मार्च**

बिलासपुर से देवेंद्र यादव को प्रत्याशी बनाये जाने से नाराज जगदीश प्रसाद कौशिक ने अपना आमरण अनशन खत्म कर दिया है। विधायक व कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव खुद उनसे मिलने के लिए गये हुए थे, जिसके बाद जगदीश प्रसाद कौशिक ने अपना आमरण अनशन समाप्त करने का फैसला लिया। जूस पिलाकर अनशन खत्म कराया गया, इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भी मौजूद थे। आपको बता दें कि बिलासपुर लोकसभा से टिकट की मांग को लेकर जगदीश कौशिक बुधवार से कांग्रेस भवन परिसर में आमरण अनशन पर बैठे थे। गुरुवार को विधायक अटल श्रीवस्तव, विद्यायक दिलीप लहरिया, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी, शहर अध्यक्ष विजय पांडेय व प्रमोद



नायक ने नेता प्रतिपक्ष डा चारणदास महंत, पीसीसी प्रभारी सचिन पायलट के निज सचिव, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज से बात कराई, लेकिन जगदीश कौशिक देवेन्द्र यादव का टिकट काटने और खुद को टिकट देने की मांग पर अड़े हुए थे। कड़ी धूप में कांग्रेस भवन परिसरमे आमरण अनशन पर बैठे जगदीश कौशिक ने अब अपना अनशन तोड़ दिया है और खुद को कांग्रेस का सच्चा सिपाही बता रहे हैं।

### चुनाव प्रशिक्षण की तिथि बदली मसीही समाज ने माना आभार

**रायपुर,29 मार्च.** लोकसभा चुनाव के लिए प्रशिक्षण अप्रैल में होगा। राज्य के हजारों मसीहियों ने लोकसभा चुनाव के प्रशिक्षण की तिथि बदलने की मांग की थी। 29 मार्च को प्रभु यीशु का बलिदान दिवस गुड-फ्राइडे है। 30 मार्च को मौन प्रार्थना दिवस और 31 मार्च को प्रभु यीश का पुनरूत्थान पर्व ईस्टर है। रायपुर समेत कई जिलों इसी दौरान चुनाव प्रशिक्षण रखा गया था। छत्तीसगढ़ डायसिस के सचिव नितिन लॉरेंस और प्रवक्ता जॉन राजेश पॉल ने सीईओ रीना बाबा साहब कंगाले व कलेक्टरों को पत्र लिखकर मांग की थी कि प्रशिक्षण की तिथियों में परिवर्तन किया जाए। लॉरेंस और पॉल ने मसीही समाज की और से सीईओ कार्यालय का आभार मानते हुए कृतज्ञता व्यक्त की है। हाल ही में मसीहीजनों का 40 दिनों का उपवासकाल पूरा होने के बाद सोमवार से दुख भोग सप्ताह चल रहा है।

## शो कॉज नोटिस का सिसोदिया ने दिया जवाब, पूर्व सीएम पर की कार्रवाई की मांग

**रायपुर,29 मार्च** ■ तरुण छत्तीसगढ़

लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस पार्टी में घमासान मचा हुआ है. कांग्रेस के नेता अपने ही पार्टी के बड़े नेता पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं. इस बीच एक बार फिर से कांग्रेस नेता अरुण सिसोदिया ने लेटर बम फोड़ा है. जिसमें कई सारे आरोप लगाए गए हैं. बता दें कि कुछ दिनों पहले सिसोदिया ने सार्वजनिक तौर पर कोष में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया था, जिसके बाद पीसीसी चीफ दीपक बैज ने नोटिस जारी कर 3 दिनों में जवाब मांगा था. कारण बताओ नोटिस पर अरुण सिसोदिया ने स्पष्टीकरण प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को पेश किया है. कारण बताओ नोटिस के जवाब में 13 बिंदुओं पर कई महवत्पूर्ण बातें लिखी गई है और साथ ही आरोप लगाए गए हैं. सिसोदिया ने दीपक बैज से कहा है कि कोष में गड़बड़ी का जांच होना चाहिए. साथ ही कहा कि आपके द्वारा दिया गया पत्र कैसे लीक हुआ, इसकी एक समिति बनाकर जांच की मांग करता हूं. प्रदेश कांग्रेस कमेटी को हुए नुकसान की भरपाई रामगोपाल अग्रवाल और विनोद वर्मा से करने की मांग की है. इसके साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं को अपमानित करने का आरोप लगते हुए कहा कि पार्टी कार्यकर्ता को स्लीपर सेल कहकर उनका अपमान करने पर भूपेश बघेल पर अनुशासनात्मक कार्रवाई होनी चाहिए. उन्होंने आगे कहा कि मेरे द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया गया है, जिससे पार्टी की छवि धुमिल और मेरा पत्र व कार्य अनुशासनहीनता की श्रेणी में नहीं आता है. अरुण सिंह सिसोदिया ने कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल और पूर्व सीएम के सलाहकार विनोद वर्मा के बेटे की कंपनी को 5 करोड़ 89 लाख रुपये का भुगनान कर पार्टी को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था. सिसोदिया ने दोनों नेताओं पर कारवाई की मांग की थी. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मैं पार्टी का सच्चा सिपाही हूं, पार्टी में अगर सच बोलना बगावत है तो मैं बागी हूं. जिसके बाद उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा गया.



## आप ने शुरू किया 'केजरीवाल को आशीर्वाद' अभियान

**नई दिल्ली,29 मार्च.** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शुक्रवार को एक वीडियो संदेश जारी कर अपने पति के लिए समर्थन मांगा और एक ऑनलाइन अभियान 'केजरीवाल को आशीर्वाद' शुरू किया। उन्होंने कहा कि हम आज से एक अभियान शुरू कर रहे हैं - केजरीवाल को आशीर्वाद। आप इस नंबर पर केजरीवाल को अपना आशीर्वाद और प्रार्थना भेज सकते हैं। यह वीडियो संदेश कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अरविंद केजरीवाल की ईडी हिरासत गुरुवार को 1 अप्रैल तक बढ़ाए जाने के एक दिन बाद आया है। एक डिजिटल मीडिया ब्रीफिंग में, सुनीता केजरीवाल ने कहा कि उनके पति ने देश में सबसे भ्रष्ट और तानाशाही ताकतों को चुनौती दी है और लोगों से अपने आशीर्वाद और प्रार्थना के माध्यम से उनका समर्थन करने को कहा है। उन्होंने कहा कि कल अरविंद ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा। उन्होंने अदालत में जो कुछ कहा, उसके लिए बेहद साहस की जरूरत है। उन्होंने देश की सबसे शक्तिशाली और भ्रष्ट ताकतों को चुनौती दी है। मैं आपको एक व्हाट्सएप नंबर दे रही हूं - 8297324624।

## महागठबंधन में सीटों का बंटवारा

### 26 सीटों पर लड़ेगी आरजेडी,कांग्रेस के खाते में 9 सीटें, पूर्णिया भी हाथ से गया

**पटना,29 मार्च.** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने बिहार में कांग्रेस को 9 सीटें आवंटित की हैं और आगामी लोकसभा चुनाव में पूर्णिया सहित 26 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। इन 26 सीटों में पाटलिपुत्र, हाजीपुर, सीवान, शिवहर, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, सुपौल, गया, नवादा, जहानाबाद, औरंगाबाद, बक्सर, जमुई, बांका, वाल्मिकी नगर, मुंगेर, सीतामढी, वैशाली, सारण, दरभंगा, गोपालगंज, मधुबनी, उजियारपुर, अररिया, मधेपुरा और झंझारपुर शामिल हैं। कांग्रेस अब बिहार में नौ सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जिनमें किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पश्चिम चंपारण, पटना साहिब, सासाराम और महाराजगंज शामिल हैं।गठबंधन को देखते हुए राजद ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन (सीपीआई-एमएल) के लिए नालंदा, काराकाट और आरा लोकसभा सीटें छोड़ने का फैसला किया है। सीपीआई को बेगूसराय सीट दी गई है, जबकि सीपीएम को खगड़िया सीट मिली है। अब यह स्पष्ट है कि पूर्वी चंपारण, औरंगाबाद, मधुबनी, अररिया, दरभंगा, सारण, उजियारपुर, नवादा, पाटलिपुत्र, बक्सर सहित 10 सीटों पर राजद का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से सीधा मुकाबला होगा; और वाल्मिकी नगर, सीतामढी, झंझारपुर, सुपौल, पूर्णिया, मधेपुरा, गोपालगंज, सीवान, बांका, मुंगेर, शिवहर और जहानाबाद सहित 12 सीटों पर जनता दल-यूनाइटेड (जेडीयू) के साथ है।जहां तक चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास (एलजेपी-आरवी) का सवाल है, तो राजद का भी वैशाली, हाजीपुर और जमुई सहित तीन सीटों पर सीधा मुकाबला होगा। पश्चिम चंपारण, पटना साहिब, सासाराम, महाराजगंज और मुजफ्फरपुर सहित पांच सीटों पर कांग्रेस पार्टी का भाजपा से सीधा मुकाबला होगा।

## देश के वैज्ञानिक, हेल्थ और अन्य मुद्दों पर बिल गेट्स संग पीएम मोदी के मन की बात

**नई दिल्ली,29 मार्च.**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीकी शख्सियत को जानने की चाह पूरी दुनिया में है. इसी कड़ी में माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स ने पीएम नरेंद्र मोदी का इंटरव्यू लिया है. इस दौरान पीएम मोदी ने भी देश की वैज्ञानिक, हेल्थ और अन्य मुद्दों पर बातचीत की है



इंटरव्यू के एक हिस्से में पीएम मोदी ने कहा है कि हमारे यहां बच्चा भी जन्म लेता है तो एआई (आई) कहता है.यह इंटरव्यू आज सुबह 9:00 बजे रिलीज हो चुका है। इसकी जानकारी खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर दी है. उन्होंने कहा है कि मिस मत करिएगा. आज सुबह 9:00 मेरे और बिल गेट्स के बीच विज्ञान, हेल्थ सेक्टर, क्लाइमेट समेत कई मुद्दों पर हुई विशेष चर्चा को टेलीकास्ट किया जाएगा। इंटरव्यू के दौरान बिल गेट्स पीएम मोदी से कहते हैं, 'टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत ने जो राह दिखाई वह सभी के लिए होनी चाहिए.' इस पर पीएम मोदी कहते हैं, 'गांव में महिला मतलब-भैंस चराना, गाय चराना, दूध निकालना. हालांकि ऐसा नहीं है. मैंने उनके हाथ में टेक्नोलॉजी (ड्रोन) दिया है. इन दिनों जब ड्रोन दीदी से बातें करता हूं, वो काफी खुश होती हैं. वे कहती हैं कि हमको साइकिल चलाना नहीं आता था, आज हम पायलट बन गए हैं, ड्रोन उड़ा रहे हैं। मोदी ने उन्हें नमो ऐप इस्तेमाल करना सिखाया और उन्हें ऐप की मदद से सेल्फी लेने को कहा. टेक दिग्गज ने जैसे ही सेल्फी ली, ऐप के 'फोटो बूथ' फीचर ने उनकी पीएम मोदी के साथ की सारी पुरानी फोटो एक साथ दिखा दी. जिसे देखकर बिल गेट्स दंग रह गए. उन्होंने नमो ऐप की तारीफकरते हुए कहा ये तो कमाल का है। दोनों की बातचीत प्रधानमंत्री आवास पर हुई। इस इंटरव्यू की थीम फ्राम एआई टू डिजिटल पेमेंट्स है. पीएम नरेंद्र मोदी और बिल गेट्स ने 2023 जी-20 शिखर सम्मेलन पर भी चर्चा की. यह समिट पिछले साल भारत में हुआ था. पीएम मोदी ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले हमने व्यापक चर्चा की और जैसा कि आपने देखा होगा कि समिट की कार्यवाही में कई मोड़ आए. मेरा मानना है कि अब हम जी-20 के मूल उद्देश्यों और उद्देश्यों के साथ जुड़ गए हैं और उन्हें मुख्यधारा में ला रहे हैं.

## 24 हजार से अधिक की शराब और कार जब्त

**कांकेर,29 मार्च.** लोकसभा को लेकर आचार संहिता लागू हो चुकी है और अधिसूचना भी जारी हो गई है, ऐसे में प्रशासन और पुलिस की टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है ताकि किसी तरह की अवैध गतिविधि ना हो सके, इसी बीच नरहपुर के जामगांव चौक में उड़नदस्ता टीम ने बड़ी कार्यवाही की है, अवैध रूप से शराब की तस्करी करते एक युवक को नरहरपुर ब्लॉक की उड़नदस्ता टीम ने पकड़ा है, जिनके पास से 24 हजार से अधिक की अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर एफएस.टी दल के द्वारा जाम गांव चौक के पास वाहनों को रोककर तलाशी अभियान चलाया जा रहा था उसी दौरान एक संदिग्ध वाहन मारूति सुजुकी स्विफ्ट क्रमांक सी.जी. 04 एच.एल. 1790को रोककर उसकी तलाशी लेने पर वाहन से गोवा स्पेशल व्हिस्की पाव के 96 नग (17.28 लीटर), पार्टी स्पेशल डिलक्स व्हिस्की पाव के 20 नग (3.60 लीटर), सिम्बा स्ट्रांग बीयर के 36 नग (23.40 लीटर) एवं सिम्बा केन बीयर के 08 नग (4.00 लीटर) कुल 48.280 लीटर मदिरा बरामद की गई।जिसके बाद उड़नदस्ता टीम ने तत्काल इसकी जानकारी आबकारी विभाग को दी और आरोपी मनोज राय के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में उड़नदस्ता टीम के प्रभारी एडीओ जनपद सारंग श्रीवास्तव, आरक्षक शांतनु जुर्री, आरक्षक राजूराम बघेल की अहम भूमिका रही।



## युवाओं के सशक्तिकरण से राष्ट्र निर्माण में समर्पित मोदी सरकार : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली ,29 मार्च ।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने युवाओं के सशक्तिकरण के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण की बात कही है। इसके अतिरिक्त श्री अनुराग ठाकुर ने अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में स्वयं द्वारा चलाए जा रहे युवा केंद्रित कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। अनुराग ठाकुर ने युवा का मतलब समझाते हुए कहा, मोदी सरकार युवाओं के शक्तिकरण से राष्ट्रनिर्माण के लिए समर्पित रही है। युवा का मतलब है देश की ताकत, आत्मनिर्भरता और कॉन्फिडेंस। आज का युवा भारत की वह पीढ़ी है जो प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक ले जाएगा। युवा भारत की नीति भी है, नेतृत्व भी है और नियति भी है। अनुराग ठाकुर ने कहा अगर आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखेंगे तो आपको पता लगेगा कि युवा का मतलब क्या है। मोदी जी ने उम्र के बंधन को तोड़ दिया है। चाहे 12,000 फीट की ऊंचाई पर केदारनाथ में साधना करना हो, तेजस फाइटर जेट को हवा में उड़ाना हो, डीप सी डाइविंग करनी हो, बगैर अन्न के 11 दोनों का अनुष्ठान करना हो या प्रत्येक नवरात्रि में बिना अन्न ग्रहण किए.

# विधायक देवेंद्र को विदा करने रेलवे स्टेशन पहुंचे हजारों लोग



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,29 मार्च।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर से पूर्ण विश्वास जताते हुए लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रत्याशी घोषित किया है। भिलाई नगर विधायक इस लोक सभा चुनाव में बिलासपुर से सांसद का चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए गुरुवार के दिन विधायक देवेंद्र यादव दुर्ग रेलवे स्टेशन से इंटरसिटी ट्रेन से बिलासपुर जाने के लिए रवाना हुए। इस दौरान अपने विधायक देवेंद्र को बिलासपुर के लिए रवाना करने के लिए हजारों महिलाएं और पुरुष रेलवे स्टेशन पहुंचे। लोगों ने विधायक का एक ओर जहां उत्साह बढ़ाया, उन पर विश्वास जताया कि उन्होंने जिस तरह से विधानसभा चुनाव जीत कर भिलाई नगर निगम क्षेत्र के जनता के हित और विकास के लिए काम किया है। वैसे ही बिलासपुर सांसद चुनाव जीत कर बिलासपुर क्षेत्र के जनता के हित और विकास के लिए काम करेंगे। इस विश्वास और आशा के साथ लोगों ने विधायक देवेंद्र यादव को विदाई दी। इस दौरान अपने विधायक को दूर जाता देख के कई महिलाओं की आंखों में आंसू भी आ गए । रोते हुए महिलाओं ने विधायक यादव को विदाई दी। एक समय के लिए पूरा माहौल गमगीन हो गया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोग विधायक से मिलकर बिलासपुर रवाना करने पहुंचे। इस दौरान वहां महापौर नीरज पाल सहित कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और नगर निगम के पार्षद, उपस्थित रहे। बहुत देर तक ट्रेन का इंतजार करने के बाद जब इंटरसिटी ट्रेन समय का रेलवे स्टेशन नहीं पहुंचा तब विधायक ने फैसला किया कि वह अब बाय रोड बिलासपुर जाएंगे। फिर वे कार से बिलासपुर के लिए रवाना हुए। बिलासपुर में विधायक देवेंद्र यादव का बिलासपुर में पहला दिन होगा। पहले दिन सबसे पहले माता का मंदिर में माता की पूजा अर्चना कर अपने लोकसभा चुनाव के शुरुआत करेंगे। फिर उसके बाद क्षेत्र के कांग्रेसी नेताओं और लोगों से मिलेंगे।

## एक नजर

### कार से 1.98 लाख की चोरी

**भिलाई, 29 मार्च।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र सप्ताहभर पहले होली की खरीददारी करने टाटा एस से आए एक व्यापारी की गाड़ी से 1.98 लाख रुपए की उठाईगिरी करने वाले का सुराग नहीं मिल पाया है सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एसीसीयू और छावनी पुलिस तलाश में जुटी है गौरतलब हो कि राकेश साहू (32 वर्ष ) राज किराना स्टोर इंदिरा नगर डुण्डेरा थाना उतई निवासी किराना दुकान का संचालक हैं उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह नियमित रूप से अपने दुकान के लिए सामान खरीदने पावर हाउस मार्केट आते रहते हैं 22 मार्च को भी अपने टाटा एस वाहन में पावर हाउस मार्केट में सामान की खरीदारी करने के लिए आये हुए थे नगदी रकम लगभग 1,98,000 रूपये को टाटा एस वाहन में डैशबोर्ड के अंदर रखे थे अपने वाहन को शाम करीब 3.55 बजे आर एल ट्रेडर्स के सामने फल मण्डी पावर हाउस में खड़ा कर आर एल ट्रेडर्स दुकान के अंदर गये और सामान की खरीदारी के करीब 10 मिनट बाद लगभग 4.05 बजे वापस आये तो देखा कि गाड़ी के डैशबोर्ड का लाक टूटा हुआ था कोई अज्ञात चोर टाटा एस में रखे 1.98 लाख रूपए को चोरी कर भाग निकला था एसीसीयू व छावनी पुलिस की टीम सीसीटीवी फुटेज में एक एक्टिवा में दो युवक वाहन दिखा था। पुलिस आरोपियों का सुराग जुटाने में लगी हुई है।

### कमिश्नर ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को दी हिदायत



**भिलाई, 29 मार्च ।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा कार्यालय में बृहस्पतिवार को लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा संबंधी बैठक आहूत की गयी। जिसमें निगम के कार्यपालन अभियंता सहित तीन सहायक अभियंता एवं सभी वार्ड प्रभारी उपअभियंता उपस्थित रहे। शुरूआत में वार्ड क्रमांक-01 इंदिरा नगर हथखोज से लेकर वार्ड क्रमांक-40 गनियारी तक सभी 40 वार्डों में विभिन्न मदों से जारी निर्माण कार्य विकास कार्य की जानकारी निगम कमिश्नर द्वारा प्राप्त की गयी। बता दें कि कार्य की स्वीकृति तिथि से लेकर अद्यतन हुए निर्माण एवं गुणवत्ता के संबंध में दिशा निर्देश राजपूत द्वारा मौजूद अधिकारियों को प्रदान किये गये । उल्लेखनीय है कि सभी वार्डों में विभिन्न मदों से निर्माणाधीन रोड, नाली, सार्वजनिक भवन, शौचालय इत्यादि के कार्यो को यथाशीघ्र पूरा कराने वार्ड के प्रभारी उपअभियंता को बैठक में निर्देशित किया गया। सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता डी.के.पाण्डेय, सहायक अभियंता हेमंत साहू के साथ वार्ड क्रमांक-01 से 10 के प्रभारी उप अभियंता विक्टर वर्मा, वार्ड क्रमांक-11 से 18, 36,37, 40 के प्रभारी उप अभियंता मुकेश रात्रे, वार्ड क्रमांक-19 से 29, के प्रभारी उप अभियंता वैभव त्यागी, वार्ड-30, 31, 32, 33, 34, 35, 38, 39 के प्रभारी उप अभियंता मुकेश चन्द्राकर बैठक में उपस्थित रहे।

### निगम ने की समय सीमा में समस्त करों के भुगतान की अपील

**भिलाई, 29 मार्च ।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा प्रशासन द्वारा क्षेत्र के नागरिकों से निर्धारित समय सीमा में समस्त करों के भुगतान की अपील की गयी है। यह बता दें कि निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत द्वारा विगत दिनों राजस्व विभाग के कामकाज की समीक्षा की गयी। इस दौरान टैक्स वसूली के कार्य में तेजी लाने के निर्देश समस्त वार्ड प्रभारी राजस्व कर्मचारियों को प्रदान किये गये। निगम की सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबे ने जानकारी देकर बताया कि टैक्स वसूली के कार्य में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त करने वार्ड प्रभारी राजस्व कर्मचारी घर-घर विजिट कर रहे हैं साथ ही निगम कार्यालय में भी टैक्स जमा लिये जाने कर्मचारी कार्य से संलग्न किये गये हैं। श्रीमती दुबे ने आगे बताया कि निगम कमिश्नर राजपूत के निर्देशानुसार प्रत्येक वार्ड में इस संबंध में मुनादी करायी गयी है। जिससे लक्ष्य अनुरूप राजस्व की वसूली प्राप्त की जा सकें।

निगम प्रशासन द्वारा क्षेत्र के नागरिकों से अपील करते हुए निर्धारित समय सीमा में दिनांक 31-03-2024 के पहले सम्पति का, समेकित कर, जलकर, भु-भाटक, दुकान किराया एवं अन्य करो का भुगतान कर नगर विकास में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया है। अवकाश के दिनों में भी निगम कार्यालय में राजस्व टैक्स सम्बन्धी कर जमा लिए जायेंगे।



## निर्माण कार्य बारिश के पहले हों पूर्ण सफाई पर दें विशेष ध्यान: मोनिका

**रिसाली,29 मार्च।** निगम आयुक्त मोनिका वर्मा निगम मुख्य कार्यालय से 25 किलोमीटर दूर पुरैना पहुंचीं। तीन वार्ड में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कीं। वहा चल रहें निर्माण कार्य को बारिश के पहले पूर्ण कराने निर्देश दिए। मॉर्निंग विजिट के तहत निगम आयुक्त मोनिका वर्मा वार्ड 38,39 और 40 के तहत भ्रमण कीं। मंगल भवन, स्कूल परिसर में चल रहे अतिरिक्त कक्ष निर्माण का अवलोकन किया। अभियंता को निर्देश दिए कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। तीनों वार्ड में चल रहे निर्माण कार्य को 15 जून के पहले पूर्ण करने कहा। आयुक्त ने निर्देश दिए कि कार्य में लापरवाही बरतने वालो पर कार्यवाही की जाएगी। पुरैना में लगभग 9 हजार की आबादी है। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्कूल भवन में बने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कीं। निर्देश दिए कि केंद्रों में लेखन कार्य, बिजली, पानी और वाशरूम की व्यवस्था शीघ्रता से पूरा किया जाए। इस दौरान आयुक्त ने शौचालय समेत, वार्ड की सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने स्टोर पारा में निर्माण धीन मंगल भवन के सामने कचरा फैले देख जल्द सफाई के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्रकाश व्यवस्था की जानकारी लेते बंद स्ट्रीट लाइट को चालू करने कहा।

# फर्जी मामले में दोषमुक्त हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 29 मार्च।** न्यायालय में चल रहे पुराने एक्ट्रोसिटी मामले में दोष मुक्त होकर कोर्ट परिसर से बाहर निकले उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्थानीय पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा आम गरीब लोगों का राशन कार्ड नही बन रहा था आम जनता गरीब लोग जिनकी जीविका राशन दुकान से मिलने वाली खाद्यान्न सामग्री से चलती है ऐसे लोगो के लिए एक जन प्रतिनिधि के हैसियत से किसी ऑफिस में जाना और अधिकारियों से बात करना तत्कालीन भूपेश सरकार में अपराध हो गया था । राजनीतिक प्रतिद्वंदता न बढ़ जाये इसलिए तत्कालीन विधायक मो अकबर इस तरह के हथकंडे अपनाते थे । लोगो को अलग अलग तरह से परेशान करना प्रताड़ित करना यही तो हुआ पिछले 5 वर्ष के कॉंग्रेस के कार्यकाल में । किंतु अंत मे सच्चाई की जीती होती है इसलिए कहा गया है *सत्य मेव जयते* यह शास्त्रोक्त कथन है प्रमाणित है देर से सही पर सत्य की जीत होती है ।माननीय न्यायालय ने उक्त प्रकरण में मुझे और कैलाश चंद्रवंशी को आज दोष मुक्त किया है ।



उन्होंने कहा यह फर्जी तरीके से कराया गया एफ आई आर था तत्कालीन खाद्य निरीक्षक द्वारा पहले पुलिस को सिर्फ सूचना दिया गया था फिर एक माह बाद उन्ही खाद्य निरीक्षक द्वारा बाद में यह कहकर की जाती सूचक शब्द बोला गया है दूसरी बार शिकायत किया गया था जिसमे एक्ट्रोसिटी का मामला बनाया गया था । माननीय न्यायालय ने इस सभी विषयों को देखते हुए मुझे और कैलाश चंद्रवंशी को दोष मुक्त किया है ।उन्होंने कहा हम सामाजिक समरसता के भाव से जीवन जीने वाले लोग है सब का बराबर सम्मान और सबसे अपना पन है । किंतु राजनीतिक प्रेरणा से आधारहीन आरोप लगाए गए थे जिसमें न्यायालय के सेसन कोर्ट और एक्ट्रोसिटी के विशेष कोर्ट में हमे दोष मुक्त किया है । मैं न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ । उन्होंने बताया कवर्धा में हुए ध्वज विवाद के बाद हमे आरोपी बनाया गया था ध्वज विवाद प्रकरण में जमानत मिलने के बाद एक्ट्रोसिटी लगाकर 18 दिनों तक जेल भेजा गया । इस प्रकरण में हमे जमानत न मीले इसलिए हर संभव प्रयाश किया था । कोरोना काल मे तीन वर्ष से कम सजा वालों को जमानत देने के नियम कर तहत जमानत मिली उस नियम को खत्म करने का रातों रात प्रयाश किया गया था । उन्होंने कहा दर्जनों प्रकरण मुझ पर राजनीतिक कारणों से प्रेरित होकर दर्ज किए गए थे जिनमें से एक मे मुझे माननीय न्यायालय ने दोष मुक्त किया है । न्यायालय के प्रति हम आभार व्यक्त करते है । देर से ही सही पर जीत तो सत्य की ही होती है और न्यायालय पर पूरा भरोसा है ।

इस प्रकरण में विजय शर्मा के साथ वर्तमान जिला भाजपा उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी पर भी एफ आई आर दर्ज किया गया था इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कैलाश चंद्रवंशी ने कहा इस न्याय के बाद एक बार फिर साबित हुआ कॉंग्रेस मो अकबर भय और दबाव की राजनीति करते थे लोगो पर झूठे मुकदमे दर्ज कराते थे ।

### मृतक के परिजनों को मिली 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग, 29 मार्च ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खोपली थाना उतई तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी भुनेश्वरी सपहा की विगत 04 मार्च 2022 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार ग्राम उमदा, तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी श्री डोमनदास भारती की विगत 14 नवम्बर 2022 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। संगम चौक वार्ड क्र. 10 जामुल तहसील भिलाई-03 जिला दुर्ग निवासी श्री अजय सेन की विगत 06 जनवरी 2023 को तालाब के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। वार्ड नं. 15 बजरंग नगर उतई तहसील व जिला दुर्ग निवासी श्री अमन कश्यप की 13 अप्रैल 2023 को नहर के पानी में डूबने से मृत्यु हो गयी थी।

## भिलाई-चरौदा निगम कमिश्नर ने की स्वच्छता में सहयोग की अपील



**भिलाई, 29 मार्च ।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा कमिश्नर डी.एस.राजपूत द्वारा प्रतिदिवस निगम के विभिन्न वार्डो में दैनिक होने वाले सफाई कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-07 विश्व बैंक कॉलोनी, वार्ड क्रमांक-09 शीतला पारा, वार्ड क्रमांक-10 शांतिपारा सहित वार्ड क्रमांक-11 विद्युत मंडल कॉलोनी एवं वार्ड क्रमांक-16 बाजार चौक वार्ड में सफाई कर्मचारियों द्वारा किये जा रहे कार्य का निगम कमिश्नर राजपूत द्वारा अवलोकन किया गया। निगम के स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा द्वारा उपस्थित रहकर सफाई कार्य के विषय में जानकारी तथा कार्य के दौरान होने वाली समस्याओं से निगम कमिश्नर को अवगत कराया गया। बाजार वार्ड में सभी दुकान संचालक एवं आफिस तथा हर प्रकार का व्यापार करने वाले लोगो से कचरा रोड पर नहीं फेंकने की अपील निगम कमिश्नर द्वारा की गयी साथ ही अपने प्रतिष्ठान दुकान, होटल, ऑफिस के सामने डस्टबिन रखकर सफाई कार्य में सहयोग प्रदान करने की बात कही है। राजपूत ने चर्चा के दौरान कहा कि बदलते हुए मौसम को दृष्टिगत रखते हुए निगम स्वास्थ्य-सफाई विभाग को स्वच्छता के सभी मानदंडों को ध्यान में रखकर कार्य करने निर्देशित किया गया है। बड़े नालों की सफाई, रहवासी इलाके में निकासी के लिए बनी नालियों की सफाई एवं सार्वजनिक स्थानों पर जहां लोगों की आवाजाही अधिक हो का चिन्हांकन कर नियमित सफाई कार्य हेतु निर्देशित किया गया है।

## नारायणपुर सेल खेल मेला में शामिल हुए 3000 बच्चे



भिलाई, 29 मार्च । भिलाई इस्पात संयंत्र और रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर के संयुक्त तत्वाधान में, सेल खेल मेला-2024 का शुभारंभ 27 मार्च को भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस सेल खेल मेला-2024 की अध्यक्षता, आचार्य (ब्रह्मचारी प्रशिक्षण केंद्र, बेलुड़ मठ) स्वामी पूर्णानंद महाराज ने की। पिछले 16 वर्ष से यह खेल मेला रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर में आयोजित किया जाता रहा है। 27 से 30 मार्च तक चलने वाले इस खेल मेला आयोजन का यह 17 वां वर्ष है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप मुख्य महाप्रबंधक (रावघाट माइंस) अरुण कुमार, महाप्रबंधक (ईडी ङ्क पी एंड ए, सचिवालय) एच शेखर, सहायक महाप्रबंधक (रावघाट प्रोजेक्ट) योगेश वर्मा, अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी एवं स्पोर्ट्स इंचार्ज एवं उप महाप्रबंधक सहीराम जाखड़, अरुण श्रीवास्तव, वरिष्ठ समाज सेवक (नारायणपुर) रूपसाय सलाम, बृजमोहन देवांगन, सहायक जनरल सेक्रेटरी (छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन) मोहन लाल, स्वामी आकृतानन्द, स्वामी देवनाथानन्द, स्वामी वसुदानन्द, स्वामी कृष्णामृतानन्द, स्वामी मुक्त्यानन्द, स्वामी प्रणतपालानन्द एवं ब्रह्मचारिगण उपस्थित थे। साथ ही आश्रम के समस्त शिक्षक-शिक्षिकायें, अन्य कर्मचारीगण सहित इस खेल मेला में शामिल होने वाले 1500 से अधिक बच्चें तथा आश्रम में अध्ययनरत करीब 1200 बच्चे उपस्थित थे। लगभग 3000 बच्चे और शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ इस भव्य सेल खेल मेला-2024 का शुभारंभ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि इससे बच्चों का शारिरीक और मानसिक विकास होगा। साथ ही इस क्षेत्र की उन्नति होगी और इसके भिलाई इस्पात संयंत्र सदैव तैयार है। स्वामी पूर्णानंद महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा, कि वेदान्त के विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद जी ने ऐसे युवकों की कल्पना की थी, जो शारीरिक रूप से सबल और मानसिक रूप से भी दृढ़ इच्छाशक्ति से पूर्ण हो। इसलिए सभी युवाओं को खेल, शारीरिक कसरत के साथ साथ मानसिक मजबूती के लिए चिंतन मनन करना आवश्यक होता है। उद्घाटन के समय एक 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता कराया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर एकलव्य आदर्श विद्यालय छेरीबेड़ा के जगदीश, द्वितीय स्थान पर रामकृष्ण मिशन के नरसिंह दुग्गा तथा तृतीय स्थान आदर्श विद्यालय गरांजी के रस्सु कोर्राम रहे। कार्यक्रम में सचिव (रामकृष्ण मिशन आश्रम, नारायणपुर) स्वामी व्याप्तानन्द महाराज ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य (विवेकानंद विद्यापीठ) स्वामी कृष्णामृतानन्द द्वारा दिया गया।

# भाजपा शहर मंडल की बैठक में कार्यकर्ताओं ने भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 29 मार्च।** बूथ विजय अभियान के तहत स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा शहर मंडल का बैठक सम्पन्न हुआ । बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा,जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू,पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, नगर पालिका कार्यवाहक अध्यक्ष मनहरण कौशिक भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के उपस्थिति में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से साँसद प्रत्याशी संतोष पांडे को भारी बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने लिया । बूथ विजय अभियान के तहत प्रत्येक बूथ में जाकर लाभार्थी संपर्क एवं प्रत्येक बूथ पर घर घर झंडा लगाने के संदर्भ में व्यापक रणनीति पर चर्चा किया गया ।

*इस अवसर पर वार्ड नं 13 से काँग्रेस पार्षद श्रीमती महिमा राजेश गुप्ता एवं निर्दलीय वार्ड 11 से पार्षद श्रीमती जानकी कपिल जायसवाल ने भाजपा की रीति नीति और मोदी जी के कार्यो से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने पार्षदो को गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी में कमल का निशान ही हमारा प्रत्याशी होता है ,सम्माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इन 10 वर्षो में जो कार्य किये है उनसे भी बड़े कार्य आगामी वर्षो में होंगे । केंद्र में मोदी सरकार ने 370 अनुच्छेद हटाया,ष्ड्डड्ड ट्रिपल तलाक जैसे कानून बनाये वही दूसरी ओर गरीबो को पक्का मकान,शौचालय और किसानों को कृषक सम्मान निधि जैसे लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुचाये । मोदी जी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करना हम सब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है और अधिक परिश्रम के साथ चुनावी रण में हमे उतरना है ।

वही पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ने आगामी चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमो को विस्तार से कार्यकर्ताओ के समक्ष रखा । बैठक में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे सभी ने अबकी बार 400 पार के नारे को धरातल में कर दिखाने का संकल्प लिया । बूथ विजय अभियान के तहत 30 मार्च से घर घर झंडा लगाकर चुनाव समर में उतरेगे ।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, महामंत्री संतोष पटेल,पूर्व पालिका अध्यक्ष अनिल सिंह,भाजपा उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा,पूर्व उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता,कोषाध्यक्ष रूपेश जैन,गणेश तिवारी,श्रीमती मधु तिवारी,श्रीमती सतविंदर पाहुजा,मंडल महामंत्री रिंकेश वैष्णव, उपाध्यक्ष श्रीकान्त उपाध्याय,सालिक निर्मलकर,गोपाल साहू,भगवनतीं अहिरवार,पार्षद पवन देवांगन,प्रमोद शर्मा,अनिल साहू,देवा साहू अजय गुप्ता, डॉ कपिल चंद्रवंशी, रामकुमार ठाकुर दाऊ,राजेन्द्र सलूजा,सुशील तिवारी ,जसवंत छाबड़ा,सुनील ठाकुर, सहित सभी शक्तिकेन्द्र के प्रभारी,संयोजक,बूथ अध्यक्ष ,बूथ सचिव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने मतदाताओं को जागरूक करने निकाली जागरूकता रैली

**दुर्ग, 29 मार्च।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए शत्-प्रतिशत् मतदान करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर एडीएम श्री अरविन्द्र एक्का एवं नगर निगम आयुक्त श्री लोकेश चन्द्राकर, तहसीलदार श्री प्रफुल्ल गुप्ता द्वारा निगम अधिकारी व कर्मचारियां सहित लोगों को हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये ये शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे की शपथ दिलाई गई। इसी कड़ी में आयुक्त श्री लोकेश चन्द्राकर, तहसीलदार श्री प्रफुल्ल गुप्ता, उपायुक्त श्री मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता श्री दिनेश नेताम, सहायक अभियंता श्री आरके पालिया, श्री जितेंद्र समैया, भवन अधिकारी श्री गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी श्री जावेद अली, राजस्व अधिकारी श्री दुर्गेश गुप्ता के अलावा समस्त निगम अधिकारी कर्मचारियों ने रैली के दौरान कर्मियों ने अपने हाथों में तख्ती पकड़े हुए मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए मतदाता जागरूकता से संबंधित नारे लिखे हुए थे। मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, बनो देश के भाग्य विधाता। अब जागों प्यारे मतदाता। जन-जन की पुकार हैं। वोट देना हमारा अधिकार है। वोट डालने जाना हैं का उद्घोष किया। जिसके तहत निगम सीमा क्षेत्र में पैदल रैली का आयोजन किया गया। निगम कार्यालय से गांधी प्रतिमा से होते हुए न्यू बस स्टैंड होकर चर्च के सामने से रविशंकर स्टेडियम में रैली पहुंची। जहां वाहनों को एकत्र कर स्वीप अक्षर का आकार देकर वाहनों से बनाया गया आकृति आकर्षण का केंद्र रहा।

### रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में चलाया स्वच्छता अभियान



**भिलाई, 29 मार्च ।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा स्वच्छता पखवाडा के अंतर्गत रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल विभाग के कैंटीन में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष सफाई एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मुख्य महाप्रबंधक टी दस्तीदार के मार्गदर्शन में किया गया। उपस्थित सभी व्यक्तियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गयी। इसके पश्चात रेल एवं स्ट्रक्चरल विभाग के कैंटीन के आसपास सफाई की गयी। इस अवसर पर रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल के वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं ठेका श्रमिक उपस्थित थे। उपरोक्त आयोजन कार्मिक विभाग-मिल्स जोन-2 के द्वारा किया गया। कर्मचारियों के बीच सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी स्वच्छता का विशेष महत्व है। जिसके लिए विशेष सफाई अभियान के तहत जोखिम मुक्त कार्यक्षेत्र का परिवेश बनाने हेतु विभाग द्वारा हाउस कीपिंग भी की गई। हाउस कीपिंग के माध्यम से स्क्रैप और अवांछित सामग्रियों की सफाई की गई। जिसके परिणामस्वरूप काम करने के लिए सुरक्षित माहौल और बेहतर जगह तैयार हुई है। इन प्रयासों के माध्यम से ही हम स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

### 9वीं का छात्र लापता

**भिलाई ।** भिलाई-3 चरोदा का रहने वाला एक 9 वीं का छात्र लापता हो गया है आसपास खोजबीन करने के बाद नहीं मिलने के बाद भिलाई-3 थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी है मिली जानकारी के अनुसार शीतला पारा मोरिद वार्ड नंबर 39 नगर निगम भिलाई-3 चरोदा निवासी मानेश्वर वर्मा का पुत्र सभ्य वर्मा उर्फ हनी वर्मा (15 वर्ष) 9वीं का छात्र है 22 मार्च की सुबह घर से निकला और आज तक घर नहीं लौटा है ।

## एक नजर

### रविवार 31 मार्च को खुले रहेंगे कोषालय, पंजीयक कार्यालय एवं एसबीआई बैंक

**राजनांदगांव 29 मार्च।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने रविवार 31 मार्च 2024 को वित्तीय वर्ष 2023-2024 के अंतिम दिवस को जिला कोषालय कार्यालय राजनांदगांव, सभी उप कोषालय कार्यालय एवं भारतीय स्टेट बैंक शाखा राजनांदगांव (कलेक्टोरेट), डोंगरगढ़ व डोंगरगांव, सभी वरिष्ठ उप पंजीयक व उप पंजीयक कार्यालयों को खुला रखने के निर्देश दिए हैं। जारी निर्देश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-2024 का अंतिम दिवस रविवार 31 मार्च 2024 को शासकीय अवकाश है। आम जनता की सुविधा तथा शासन के राजस्व संग्रहण को दृष्टिगत रखते हुए उक्त दिवस में रात्रि 10 बजे तक कार्यालय खुला रखने कहा गया है। सभी कोषालय एवं उप कोषालय अधिकारी तथा स्टॉफ होल्डिंग को उक्त दिवस में आवश्यक मुद्रांक उपलब्ध कराने तथा बैंक अधिकारी रात्रि 10 बजे तक मुद्रांक एवं पंजीयन शुल्क के रूप में जमा होने वाले सभी चालान स्वीकार करने के निर्देश दिए गए है।

### निगम कमिश्नर ने शहर की सफाई और जन सुविधाओ का लिया जायजा



**रायपुर 29 मार्च।** नगर निगम कमिश्नर एवं रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा ने शहर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण भ्रमण कर साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान श्री मिश्रा ने जी.ई. रोड के विभिन्न स्थलों की साफ सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने कहा है। गांधी उद्यान में चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर उन्होने कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने भी कहा है । इसी तरह उद्यान परिसर में मॉडल स्ट्रीट वेंडिंग जोन हेतु उपयुक्त स्थल निर्धारित करने एवं कटोरा तालाब परिसर को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण भ्रमण के दौरान जोन 4 के कमिश्नर श्री राकेश शर्मा एवं अभियंता श्री पदमाकर श्रीवास उप अभियंता मनीषा निराला भी उपस्थित रहे।

### जागरूक मतदाता स्वस्थ चुनाव की नीव :बृजमोहन अग्रवाल

**रायपुर 29 मार्च।** लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ऐतिहासिक जीत के लक्ष्य के साथ चुनावी समर में पूरी तरह उतर चुके हैं भाजपा के अजेय योद्धा कहे जाने वाले बृजमोहन अपने चुनावी कौशल के कारण पूरे प्रदेश में पहले ही चर्चा में रहते हैं रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने की घोषणा के पश्चात से ही बृजमोहन सक्रिय हो चुके हैं और विगत दिनों उन्होंने लगातार भाजपा पदाधिकारियों और मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रमुखों की मैराथन बैठके ली और अब उन्होंने चुनाव के अगले पड़ाव में रायपुर लोकसभा अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों में दौरा कार्यक्रम शुरू कर दिया है जिसकी शुरुवात उन्होंने अभनपुर विधानसभा के खोरपा मंडल से की बृजमोहन अग्रवाल आज खोपरा मंडल पहुंचे जहां उन्होंने खोरपा मंडल कार्यालय का उद्घाटन कर मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को संबोधित किया उन्होंने अपने उद्बोधन की शुरुवात में कहा की हम सभी को इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत हासिल करने हेतु परिश्रम करना है , एक बड़ा कीर्तिमान स्थापित करने हेतु भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को अब रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल बनकर कार्य करना होगा किसी भी चुनाव में स्वास्थ्य नतीजे जागरूक मतदाताओं के बल पर आते हैं और हम सभी को सबसे पहले मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करना है और इसके लिए सबसे अधिक मतदान प्रतिशत वाले मंडल और बूथ को पुरस्कृत भी किया जायेगा ।

### कलेक्टर ने मल्टीलेवल पार्किंग में इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन का किया निरीक्षण

**रायपुर 29 मार्च।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर शहर के चार स्थलों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन की स्थापना की गई है। कलेक्ट्रेट मल्टीलेवल पार्किंग में स्थापित स्टेशन का आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने निरीक्षण कर विस्तार से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप भी साथ थे। इन इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग स्टेशन से चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों को राह चलते चार्ज करना आसान है एवं इससे इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा।

# लोकतंत्र के उत्सव में मतदान करने के लिए जनजागरण किया जा रहा

- ग्राम टेड़ेसरा में आयोजित स्वीप संगोष्ठी में अपूर्व उत्साह के साथ शामिल हुए जनसामान्य
- मतदान प्रतिशत बढ़ाने जनसामान्य को किया गया जागरूक




**राजनांदगांव 29 मार्च।** लोकतंत्र के उत्सव में मतदान करने के लिए जनजागरूकता हेतु जज्बे के साथ कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में सभी विकासखंडों में स्वीप संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा में आयोजित स्वीप संगोष्ठी में अपूर्व उत्साह के साथ जनसामान्य शामिल हुए। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ग्राम टेड़ेसरा में आयोजित स्वीप संगोष्ठी में शामिल हुई। उन्होंने ग्रामीणों से मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम टेड़ेसरा में सबसे कम मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। उन्होंने ग्रामीणों से लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की और ग्रामीण मतदाताओं से मतदान केंद्र पहुंचकर मताधिकार का उपयोग करने संकल्प पत्र भरवाएं। ग्रामीणों को अपने आसपास, रिश्तेदारों, दोस्तों, परिवार सदस्यों को मतदान के लिए मतदान केन्द्र तक जाने के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया। संगोष्ठी में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने एवं सभी जागरूक मतदाताओं तक अपनी बातों को पहुंचाया गया। स्वीप संगोष्ठी में कम मतदान के कारणों तथा मतदान बढ़ाने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही लोकतंत्र में संसद के महत्व, सांसद के कार्य क्षेत्र, सांसद की भूमिका, सांसद के कर्तव्य व दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। संगोष्ठी में दिव्यांग मतदाता, नए वोटर एवं बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने रैली का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली में विभिन्न मतदाता जागरूकता नारों के साथ गांव की गलियों का भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव सुश्री तनुजा मांझी, जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह एवं राजनांदगांव जिला स्वीप टीम के सभी सदस्य सहित मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, शासकीय सेवक, युवा मतदाता, फर्स्ट टाइम वोटर्स, ग्रामीणजन शामिल हुए।

# हत्या के आरोप में पुत्र 14 घंटे में गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 29 मार्च।** 26 मार्च को प्रार्थी चौकी उपस्थित आकर सूचना दिये कि भाई शेष नारायण वर्मा का किसी ने गला, कान में गंभीर चोट पहुंचाकर प्राण घातक हमला कर हत्या कर दिया है कि सूचना पर मौके पर जाकर देखें तो शेष नारायण वर्मा निवासी कोपे नवागांव मनोज वर्मा के घर बीच रास्ते के किनारे जहां लोग कूड़ा करकट डालते वहां पर मृत अवस्था में पड़ा था। अपराध की गंभीरता को देखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा डीएसपी नवीन एक्का, थाना प्रभारी सी आर. चंद्रा, एफएसएल टीम व डॉग स्कॉर्ट की टीम मौके पर पहुंचकर चौकी प्रभारी मोहारा प्रमोद श्रीवास्तव को विवेचना के निर्देश दिये। विवेचना दौरान संदेही बेटा से पूछताछ करने पर पताचला कि पूर्व से पिता शेष नारायण मारपीट विवाद करता था एक बार मेरी मां को भी तलवार फेंककर मारा था। होली के दिन भी मामा लालचंद जब घर आया था तब शराब पीने की बात को लेकर वाद विवाद किया और मामा लालचंद को छोड़कर आता हू फिर तुम लोगों का मजा चखाउंगा कहते हुए चला गया। जिससे पुत्र डोमेश कुमार वर्मा द्वारा पिता की बार-बार धमकी से गुस्सा होकर आरोपी पुत्र अपने पिता को हत्या करने के लिए अपने ही घर में रखा हुआ टंगिया लेकर मनोज किराना के सामने तलाब पुल में छिपकर इंतजार करता रहा जैसे ही रात्रि 08:30-09:00 बजे उसका पिता शेष नारायण वापस आया तो अपने पास रखे टंगिया से गला में प्राण घातक हमला किया जो मृतक मौका पर गिर जाने पर 4-5 बार पुनः टंगिया से गला, कान, हाथ में मारकर हत्या कर दिया। घटना के बाद से आरोपी पुत्र डोमेश वर्मा पूछताछ व पुलिस से बचने के लिये हार्ट अटैक का बहाना कर अस्पताल में भर्ती हो गया था। घटना में प्रयुक्त टंगिया में लगे होली का रंग व आरोपी के हाथ में लगे रंग एवं चोंट से प्रथम दृष्टिया ही आरोपी के उपर पुलिस को शक हो गया था, पर आरोपी के अस्पताल में भर्ती होने का नाटक करने से पुलिस को पूछताछ मे दिक्कत आ रही थी। आरोपी को खैरागढ़ अस्पताल से लाकर पुछताछ करने पर घटना करना स्वीकार किया व टंगिया को पास में ही खेत डोली के झुरमुट में फेंक दिया और घटना दिनांक को पहने अधजले कपड़े को निकालकर अपने घर में छिपाना बताया तथा बेटा द्वारा यह भी बताया गया कि पिता शेष नारायण वर्मा पूर्व में 2010 में थाना गातापार में दोहरे मर्डर में 08 साल की सजा काट चुका है।

## चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 29 मार्च।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव के मददेनजर निर्विघ्न, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से असमाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 28.03..2024 को जरिये मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि विमल कुमार राजपूत (बहादूर) नामक व्यक्ति पुराना बस स्टैण्ड में नंदू होटल राजनांदगांव के पास अपने हाथ में चाकू लेकर लोगो को डरा धमका रहा है, आसपास के लोग दहशत में है। कि सूचना पर तत्काल मौका पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़े नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता विमल कुमार राजपूत (बहादूर) पिता चिंकी राजपूत उम्र 34 वर्ष साकिन वार्ड नं. 33 अटल आवास बैगापारा लखोली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) बताया, जिसके कब्जे से एक नग लोहे धारदार चाकू जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्रर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली राजनांदगांव में अपराध क्रमांक 214/24 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया, आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आरोपी आदतन अपराधी है, पूर्व में इसके विरूद्ध अप0क्र0 279/13 धारा 34 (ए) आब0 एक्ट, 833/13 धारा 34 (2) आब0 एक्ट, 762/14 धारा 294, 323, 506 भादवि0, 800/14 धारा 341, 294, 506, 323 भादवि0, अप0क्र0 156/22 धरा 25 आर्म्स एक्ट, अप0क्र0 263/22 धारा 34 (1) आब0 एक्ट, अप00 498/23 धारा 34 (2) आब0 एक्ट कायम कर चालान न्यायालय पेश कया गया हैं।

## एनएसयूआई राष्ट्रीय सचिव के रूप में हनी बागा को मिली बड़ी जिम्मेदारी



**रायपुर 29 मार्च।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन हस्ढ्ढ द्वारा आज राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी द्वारा आईसीसी के जनरल सेक्रेटरी के.सी वेणुगोपाल राष्ट्रीय सचिव की सूची जारी की गई इस सूची में छत्तीसगढ़ के छात्र नेता हनी बागा को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया हनी बग्गा लगातार 12 वर्षों से छात्र राजनीति में सक्रिय रहे हैं प्रगति कॉलेज में कॉलेज अध्यक्ष 2012 में नियुक्त किया गया 2014 से कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय में छात्र संघ के प्रभारी के रूप में कई वर्षों तक कार्य किया जिसमें उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि विश्वविद्यालय चुनाव को हस्ढ्ढ प्रत्याशियों को विश्वविद्यालय चुनाव प्रभारी के रूप में जितवाया एवं रायपुर ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष के रूप में 5 वर्षों तक कार्य किया अभी लगातार 2 वर्षों से राष्ट्रीय संयोजक के रूप में काम कर रहे थे नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा ने कहा लगातार 12 वर्षों से छात्र राजनीति में कार्य किया हूं विभिन्न जिम्मेदारी संगठन द्वारा दी गई है सभी जिम्मेदारियां को मेहनत और ईमानदारी से कार्य करने का प्रयास किया आज देश के सबसे बड़े छात्र संगठन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन में राष्ट्रीय सचिव के रूप में नियुक्त किया है इसके लिए मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत भिलाई विधायक देवेंद्र यादव रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा हस्ढ्ढ प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे सभी को धन्यवाद व्यापित करता हूं और राष्ट्रीय एवं प्रदेश के नेतृत्व को यह विश्वास दिलाता हूं कि आने वाले समय में एनएसयूआई को मजबूत करने के लिए पूरी ईमानदारी के साथ प्रयास करूंगा।

# भूपेश बघेल को सांसद बनाने कड़ी मेहनत कर रहे हैं भोलाराम साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 29 मार्च।** खुज्जी विधानसभा हमेशा किसी ना किसी बहाने सुर्खियों मे बना रहता हैं। बताया जाता है कि सुनियोजित ढंग से कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने का चल रहा है खेल लेकिन भुपेश बघेल की लोकप्रियता और भोलाराम साहू के कार्य शैली से सब हो जायेगा फेल ।खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गांवों में जिस तरह से क्षेत्रिया विधायक भोलाराम साहू के सक्रियता से कांग्रेस पार्टी को जो मजबूती प्रदान हो रहा है वो तारीफें कबील है ,वही कांग्रेस पार्टी को नुकसान पहुंचाने वाले भी सक्ते में नज़र आ रहे हैं जिस प्रकार बुथ वार निरंतर बैठके गांव गांव जाकर लोगों से मेल मिलाप कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चार्ज कर दिशानिर्देश बूथों पर कैसे नियंत्रण पाएंगे साथ ही गांव के बुजुर्ग पुरुष व महिलाएं युवा मतदाताओं से संपर्क कर पार्टी को मजबूती प्रदान करने के दिशा मे खुज्जी विधायक भोलाराम साहू भारी सक्रिय दिखाई देते अब तक नज़र आ रहे हैं वहीं दूसरी ओर कांग्रेस को हमेशा पलिता लगाने वाले पार्टी को दीमक की तरह खोखले कर रहे हैं वैसे लोगों से भी पार्टी उम्मीदवार को कही नुकसान ना पहुंचे इस ओर भी ध्यान आकर्षित करने की जरूरत बताया जाता है। सुनियोजित ढंग से कांग्रेस पार्टी को नुकसान पहुंचाने कूछ षड्यंत्रकारी बाज नही आ रहे हैं बकायादा सुचारू रुप से संचालित करवा रहे हैं षड्यंत्र। अब देखना यह है चुनाव परिणाम के बाद किस ओर पाला बदलते है सुनियोजित षड्यंत्र कारी। बाहरहाल कांग्रेस पार्टी में कांग्रेस के लोगों से ही खतरा नजर आता है, खुद कांग्रेस विपक्ष की भूमिका निभाते दिखती है,गुडबाजी चरम सीमा पर है एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगे हैं । परिवार में ही एकता और भाईचारे की कमी रहेगी तो चुनावी नैया पार कैसे होगी?

## निगम सभागृह में स्वीप संगोष्ठी का आयोजन, शतप्रतिशत मतदान के लिये अधिकारियों व कर्मचारियों ने ली शपथ

# मतदाता जागरूकता एवं स्वीप संगोष्ठी के लिये आयुक्त ने किया समिति का गठन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 29 मार्च।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वीप कार्ययोजना के बेहतर क्रियान्वयन, संचालन एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने कार्य योजना बनाकर गतिविधिया संचालित करने नगरीय क्षेत्र में समिति गठित करने जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल द्वारा निर्देश दिये गये थे, निर्देशानुसार निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने समिति का गठन कर अधिकारियों को दायित्व सौपा है। स्वीप संगोष्ठी एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार निगम सीमा क्षेत्र में स्वीप संगोष्ठी आयोजित करने एवं सतप्रतिशत मतदान के लिये जागरूकता लाने कार्यक्रम आयोजित करने समिति का गठन किया गया है। सभी आयोजन नोडल अधिकारी श्री मोबिन अली, उपायुक्त के मार्गदर्शन में सम्पन्न किया जायेगा। स्वीप संगोष्ठी, संकल्प पत्र भरवाने एवं सतप्रतिशत मतदान के लिये जागरूक करने के लिये अपने अपने वार्ड के प्रभारित वार्ड में उप अभियंताओं को दायित्व सौपा गया है, जिसके सहयोगी संबंधित वार्ड के आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिका, महिला संगठक, सहायक राजस्व निरीक्षक तथा स्वच्छता दीदी व वार्ड प्रभारी रहेगे। इसी प्रकार मतदाता शपथ, संकल्प पत्र भराने के अलावा मतदाता जागरूकता रैली, मोटर सायकल रैली व रंगोली प्रतियोगिता वार्ड में आयोजित किये जायेगे, उपरोक्त सभी कार्यक्रम 28 मार्च 2024 से प्रारंभ किये जायेगे। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में आज नगर निगम सभागृह में अधिकारियों व कर्मचारियों के मध्य स्वीप संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें सतप्रतिशत मतदान एवं मतदान के लिये प्रेरित करने शपथ ली गयी। इस अवसर पर नोडल अधिकारी व उपायुक्त श्री अली ने संबोधित करने हुये कहा कि 26 अप्रैल 2024 को राजनांदगांव लोकसभा के लिये मतदान होना है, लोकसभा में सतप्रतिशत मतदान करने जागरूगता लाना है, इसके लिये विभिन्न गतिविधिया आयोजित की जावेगी। निगम सीमाक्षेत्र में मतदाता शपथ, संगोष्ठी,रैली व रंगोली प्रतियोगिता आयुक्त महोदय के नेतृत्व में आयोजित किया जाना है। उपायुक्त श्री अली ने कहा कि पूर्व में मतदान करने की आयु 21 वर्ष निर्धारित भी, जिसमें संशोधन कर अब 18 वर्ष की आयु सीमा निर्धारित की गयी है। जिसके लिये कानून में संशोधन किया गया और 1988 में जो कानून पास हुआ जो 61 संशोधन रूप में 1989 में कानून लागू हुआ तब से 18 वर्ष की आयु के युवक युवती मतदान में हिस्सा ले रहे है। उन्होंने कहा कि आज मतदान का प्रतिशत तो बढ़ा है, फिर भी 30 से 35 प्रतिशत लोग मतदान करने नही जाते, जिसे ध्यान में रखकर हर निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने, सतप्रतिशत मतदान करने जागरूकता अभियान चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा निर्वाचन में सत्प्रतिशत मतदान के लिये जागरूकता अभियन चलाना है, इसके लिये विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मतदान करने प्रेरित करना है। कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने कहा कि हमारे शहर में होने वाले लोकसभा निर्वाचन में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभायेगे एवं अपने परिवार तथा आस पास के लोगों एवं जान पहचान के लोगों को लोकतंत्र के पर्व को मजबूत करने बिना किसी प्रलोभन के मताधिकार का प्रयोग कर मतदान करने अपील करेंगे। स्वीप संगोष्ठी सभा में उपायुक्त श्री अली ने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी कि हम भारत के नागरिक,लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुये शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## समाचार संक्षेप

### डोंगरगांव शहर में धूमधाम से मनाई गई होली



**डोंगरगांव 29 मार्च।** शहर में मंगलवार 26 मार्च को धूमधाम से होली मनाई मनाई गई लोग रंग गुलाल से सराबोर नजर आए सुबह से ही लोग टोलियां में रंग गुलाल खेलने के लिए निकले इधर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए शहर में शांति और भाईचारे से होली का त्यौहार मनाया गया वहीं घरों में तरह-तरह के व्यंजन भी बने थे इधर होली को देखते हुए पुलिस ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी थी होली पर्व के दौरान शहर के विभिन्न चौक चौराहा जैसे किलापारा सेवताटोला करिया टोला सिनेमा लाइन बोधी टोला सिनेमा लाइन अटल आवास आरी कोनारी बगदई मोहड़ कोहका पर पुलिस जवानों का लगातार पेट्रोलिंग जारी रहा। पुलिस ने होली के पूर्व शहर और ग्रामीण इलाकों में फ्लैग मार्च भी निकाला था जिसमें सौहार्द और शांति के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गई थी इसका असर भी देखने को मिला पुलिस ने बदमाशों और आसामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी थी की कानून व्यवस्था न तोड़े और न माहौल बिगड़ने की कोशिश करें।

### वारंटियो के खिलाफ कार्रवाई जारी



**राजनांदगांव 29 मार्च।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव के मददेनजर निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एंव सौहार्द्रपूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से वारंटियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 28.03.2024 को माननीय जेएमएफसी न्यायालय राजनांदगॉव के प्र0क्र0 4672/12 अप0क्र0 213/12 धारा 279, 304-ए भादवि0 में जारी स्थायी गिरफ्तारी वारंट के वारंटी सईद उर्फ बाबा खान पिता अब्दुल सलाम उम्र 48 वर्ष साकिन कसारीडीह आजाद चैक मराठी का मकान दुर्ग जिला दुर्ग (छ0ग0) को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया, उक्त वारटी विगत 12 वर्षो से फरार था, जिसे गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किये है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री एमन साहू, सउनि0 इसराफिल खान, आरक्षक भेश कुमार ध्रुव, नामदेव नागवंशी एंव थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### पांच अभ्यर्थियों ने लिए नाम निर्देशन पत्र



**राजनांदगांव 29 मार्च ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए अधिसूचना का प्रकाशन के साथ ही अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आज कलेक्टोरेट राजनांदगांव पहुंचकर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए 5 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया। इनमें निर्दलीय अभ्यर्थी श्री अजय पाली, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी श्री रमेश राजपूत, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री संतोष पांडे, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री भुवन साहू एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री भूपेश बघेल शामिल हैं।

### फाग सम्मेलन भोथीपार कला में आयोजित



**राजनांदगांव 29 मार्च।** विधानसभा क्षेत्र ग्राम भोथीपार कला में एक दिवसीय फाग सम्मेलन शुभारंभ मुख्य अतिथि भागवत साहू जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव अध्यक्षता मोती साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव अजय मार्कंडेय महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव योगेन्द्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव तुल दास साहू जनपद सदस्य राजनांदगांव पुहुप साहू उपसरपंच अतिथि में राधा कृष्ण पुजा अर्चना कर शुभारंभ किया अतिथि गुलाल से स्वागत किया अतिथियों ने होली पर्व तथा फाग सम्मेलन हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी आस पास फाग मंडली सम्मेलन शामिल हुआ संरक्षक महेश्वर प्रसाद साहू रूप दास साहू रूपेश साहू राजाराम साहू महंत घनश्याम दास केबल बाई कुलेश्वरी साहू समिति सदस्य गण तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

संपादकीय

## ईडी गठबंधन अब नाम को रह गया है

कहने को विपक्ष कह सकता है इंडी गठबंधन है। कई सारे दल इसमें अब भी हैं। नीतीश कुमार,जयंत चौधरी के छोड़ देने के बाद भी गठबंधन तो है। यूपी में, दिल्ली में सीट शेयरिंग हो चुकी है। ममता ने बंगाल में मना कर दिया है। बिहार व महाराष्ट्र में कोई किसी की सुन नहीं रहा है। सब अपने हित के बारे में सोच रहे हैं,गठबंधन के बारे में कोई सोच नहीं रहा है, किसी को चिता नहीं है कि वह बिना बात किए सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर देंगे तो गठबंधन पर सवालिया निशान तो लगेगा ही। जनता तो कहेगी ही कि यह कैसा गठबंधन जिसके राजनीतिक दल अपने बारे में सोच रहे हैं,गठबंधन के बारे में सोच नहीं रहे हैं। बिना गठबंधन के भाजपा को कैसे हराया जा सकता है। बिना गठबंधन के भाजपा को 370 सीट पाने से कैसे रोका जा सकता है, एनडीए को 400 पार जाने से कैसे रोका जा सकता है। गठबंधन को मजबूत करने मे सबसे ज्यादा ध्यान कांग्रेस को देना था और उसी ने लापरवाही की , उसने भी अन्य दलों की तरह कांग्रेस को मजबूत करने पर ध्यान दिया। वह तीन विधान सभा चुनाव हारने से मजबूत नहीं हो पाई। गठबंधन आपसी अंतर्विरोधों के चलते कमजोर हो गया और आज लगता नहीं है कि वह भाजपा को टक्कर दे पाएगा। सीट शेयरिंग को लेकर बिहार में पेच फंसा हुआ है। नीतीश कुमार के भाजपा के पाले में चले जाने से कांग्रेस,राजद व अन्य दलों को ज्यादा सीटें मिल सकती है लेकिन माना जाता है कि कांग्रेस ज्यादा सीटें मांग रही है और राजद उनको ज्यादा सीटें देने को तैयार नहीं है क्योंकि पिछली बार कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने के कारण बिहार में राजद की सरकार नहीं बन पाई थी क्योंकि कांग्रेस ज्यादी सीटों पर चुनाव लड़कर ज्यादी सीटें नहीं जीत पाई थी। इस कारण लोकसभा चुनाव में उसका ज्यादा सीटों का दावा माना नहीं जा रहा है। यूपी में भी यही हुआ था, वहां भी कांग्रेस ज्यादा सीटें मांग रही थी लेकिन अखिलेश यादव ने बड़ी मुश्किल से 17 सीटें दी हैं। महाराष्ट्र में उध्दव ठाकरे ने वही किया है जो यूपी मे अखिलेश यादव ने किया था यानी बिना गठबंधन से दलों से बात किए सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। इससे कांग्रेस व एनसीपी नाराज हैं कि उध्दव ठाकरे ने ऐसा करके गठबंधन धर्म का पालन नहीं किया है। यहां कभी शरद पवार की गठबंधन मे तूती बोलती थी, उनकी मर्जी के बिना गठबंधन में कुछ होता नहीं था लेकिन भाजपा से पंगा लेना उनको महंगा पड़ा जिस एनसीपी के भरोसे वह महाराष्ट्र के चाणक्य माने जाते थे, उसी एनसीपी को भाजपा ने तोड़कर उनको दिग्गज नेता से सामान्य नेता बना दिया है। जिसकी आज न तो उध्दव ठाकरे सुन रहे हैं और नहीं कांग्रेस सुन रही है। कांग्रेस व उध्दव ठाकरे के बीच शरद पवार असहज महसूस कर रहे हैं। वह ऐसी स्थिति में नहीं है कि अपनी बात उध्दव ठाकरे व कांग्रेस से मनवा सकें । महाराष्ट्र में 48 सीटें हैं तीनों यहां आराम से 16-16 सीट पर चुनाव लड़ सकते थे लेकिन बड़ा मै , बड़ा मैं, ज्यादा सीटों पर मैं चुनाव लडूंगा इसी सोच ने तीनों को अलग कर दिया है। बिहार की तरह महाराष्ट्र में गठबंधन नाम को रह गया है। इंडी गठबंधन के नेता के रूप में नीतीश कुमार सबसे पहले यही चाह रहे कि सीटों पर बात हो जाए कि कौन सा दल किस राज्य में कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा तब किसी ने नीतीश कुमार की बात को गंभीरता नहीं लिया। इसी से निराश होकर नीतीश कुमार ने गठबधन को छोड़ने का फैसला किया क्योंकि वह जानते थे कि आखिरी में तीनों राज्यों में सीटों को ही लेकर सारे राजनीतिक दल एक दूसरे से लड़ेंगे,यही बिहार में हो रहा है, यही महाराष्ट्र में हो रहा है। कहने को इंडी गठबंधन है लेकिन उसका कोई अध्यक्ष नहीं है, संयोजक नहीं है। इससे कोई बैठक नहीं हो पा रही है। ले देकर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर सब मुंबई में एकसाथ दिखे थे। अब केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 31 मार्च को दिल्ली मे जमा हो सकते हैं। यह वक्त था कि इंडी गठबंधन भाजपा व मोदी सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन खड़ा कर सकता था लेकिन सीटों को लेकर आपसी लड़ाई के चलते नेता बंटे हुए है, एक दूसरे से नाराज हैं। कोई ऐसा नेता नहीं है जो सबको समझा कर एक मंच पर लाए। बताए उनका लक्ष्य क्या है, और वह लड़ किस बात पर रहे हैं। इंडी गठबंधन को आंदोलन के कई मुद्दे जैसे महुआ का खिलाफ कार्रवाई, चुनावी बांड, केजरीवाल की गिरफ्तारी लेकिन वह किसी मुद्दे पर बड़ा आंदोलन नहीं कर सका है। यह गठबंधन की बड़ी असफलता है।

विश्लेषण

तनवीर जाफ़री

# क्या इन संस्थाओं को अपनी विश्वसनीयता की भी फिक्र है ?



भारतीय संविधान में लोकतंत्र के जिन तीन स्तम्भों का ज़िक्र किया गया है वे हैं विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। यह और बात है कि मीडिया के बढ़ते दायरे व इसके बढ़ते प्रभाव के चलते इसे भी लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहा जाने लगा। जबकि संवैधानिक दृष्टि से 'चौथा स्तम्भ' नाम की कोई चीज़ नहीं है। आम अवधारणा है कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहे जाने वाला भारत जिसे पिछले कुछ समय से 'मदर ऑफ़ डिमॉक्रेसी' भी कहा जा रहा है यह इन्हीं उपरोक्त चार स्तम्भों पर टिका हुआ है। परन्तु आज देश में जो हालात दिखाई दे रहे हैं उसे देखकर साफ़ लग रहा है कि अकेले विधायिका ही इस महान लोकतंत्र को अपने ही तरीक़े से संचालित व निर्देशित करना चाह रही है। इंतेहा तो यह है कि संविधान की शपथ लेने वाला कर्नाटक राज्य का भारतीय जनता पार्टी का ही एक सांसद जो एक सार्वजनिक सभा में कहता सुना गया है कि -'हिंदुओं को फ़ायदा पहुंचाने के लिए संविधान से धर्मनिरपेक्ष शब्द हटाया जा सकता है। अगर यह सब बदलना है, तो सिर्फ़ लोकसभा में बहुमत के वोटों से नहीं होगा। हमें लोकसभा के साथ-साथ राज्यसभा में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी।' उधर भाजपा इस सांसद के विरुद्ध कोई कार्रवाई करने के बजाय ख़ुद ही 'अबकी बार 400 पार' का नारा भी दे रही है। इस पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि -' भाजपा का आख़िरी लक्ष्य बाबासाहेब के संविधान को ख़त्म करना है। राहुल ने कहा कि 'भाजपा सांसद का बयान कि उन्हें 400 सीट संविधान बदलने के लिए चाहिए, नरेंद्र मोदी और उनके 'संघ परिवार' के छिपे हुए मंसूबों का सार्वजनिक ऐलान है'।

आश्चर्य है कि एक तरफ़ तो वर्तमान सत्ता 'मदर ऑफ़ डिमॉक्रेसी' की 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' मनाने का उद्घोष कर रही है दूसरी तरफ़ न केवल संविधान बदलने बल्कि लोकतंत्र के स्तम्भों को भी धराशायी करने की कोशिश की जा रही है? विधायिका द्वारा अपने को ही सर्वोच्च समझते हुये कार्यपालिका और न्यायपालिका जैसे स्तंभों को भी पंगु बनाने की कोशिश की जा रही है। लोकतंत्र के स्वयंभू चौथे स्तंभ को तो लगभग पूरी तरह अपाहिज बनाकर उसे सत्ता की बैसाखियों पर चलने के लिये मजबूर कर दिया गया है। पूरा विश्व भारतीय मीडिया के 'गोदी मीडिया ' जैसे नये नामकरण से हतप्रभ है। यदि न्यायपालिका का कोई निर्णय संकीर्ण मानसिकता रखने वाले 'सत्ता के चाहवानों' को नहीं भाता तो वे सीधे मुख्य न्यायाधीश को अपमानित करने वाले वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में न्यायपालिका ख़ासकर मुख्य न्यायाधीश का इस क़द्र अपमान होते पहले कभी नहीं देखा गया। इसी तरह कार्यपालिका से सम्बंधित प्रवर्तन निदेशालय व सी बी आई जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण व प्रतिष्ठित संस्थाओं को भी सत्ता कथित तौर पर अपने इशारों पर नचा रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ई डी )पर तो यह आरोप है कि गत कुछ वर्षों में ई डी ने जिन नेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की उनमें 95 प्रतिशत विपक्षी दलों के ही नेता हैं। पिछले कुछ ही दिनों के अंदर जिस तरह हेमंत सोरेन व अरविंद केजरीवाल जैसे मुख्य मंत्री पद पर आसीन विपक्षी नेताओं को गिरफ़्तार किया गया और असम में हिमन्त बिश्व शर्मा और महाराष्ट्र में अजित पवार जैसे भ्रष्टाचार के आरोपियों पर सत्ता द्वारा 'नज़र-ए-इनायत की गयी इसे देख कर भी पक्षपात व विद्वेष के पहलू साफ़ नज़र आ रहे हैं। यह भी साफ़ दिखाई दे रहा है कि किस तरह E D , CBI जैसी प्रतिष्ठित व सम्मानित संस्थाओं का दुरूपयोग दल बदल करने से लेकर चुनावी बॉन्ड के नाम पर की गयी 'धन वसूली ' तक के लिये कथित रूप से किया जा रहा। कई ऐसे भी उदाहरण भी हैं कि सत्ता का




'मिशन' पूरा होते ही E D व CBI की कार्रवाई रुकवा दी गयी । यहाँ तक कि अभी भी कई प्रमुख विपक्षी नेता ऐसे हैं जो सत्ता विरोधी होने के बावजूद सिर्फ़ इसलिये खुलकर सत्ता की मुख़ालिफ़त नहीं कर पा रहे क्योंकि उन्हें E D व CBI की कार्रवाई का ख़तरा है। इसी तरह देश का सबसे बड़ा,सबसे प्राचीन,विश्वसनीय व सबसे प्रतिष्ठित बैंक स्टेटबैंक ऑफ़ इण्डिया इसी सत्ता के दबाव में आकर अपनी साख गँवा बैठा। 2 जून 1806 को बैंक ऑफ़ कलकत्ता के नाम से गठित वर्तमान स्टेट बैंक ऑफ़ इण्डिया या SBI ने इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में अपनी प्रतिष्ठा दांव दी है । अनुमानतः इस विशाल उपक्रम में क़रीब 260033 कर्मचारी कार्यरत हैं। वर्तमान में 20,400 शाखाओं व लगभग 64,000 से अधिक एटीएम / एवं आहरण मशीन की सुविधा प्रदान करने वाले देश के इस सबसे बड़े बैंक ने सुप्रीम कोर्ट में इलेक्टोरल बॉन्डने मामले में चल रही सुनवाई के दौरान 6 मार्च को दायर एक याचिका में पहले तो इसका विस्तृत ब्यौरा देने में अपनी असमर्थता जताते हुए 30 जून तक की मोहलत मांगी थी, जिसे 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने ख़ारिज कर दिया। और अगले दिन 12 मार्च तक यानी 24 घंटों में ही ब्यौरा पेश करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा SBI पर बरती गयी सख़्ती का नतीजा यह हुआ कि इसी दौरान शेयर मार्केट में 6 घंटे के कारोबार के दौरान SBI का शेयर मूल्य गिर गया। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के शेयर मूल्य में उस समय तेज़ गिरावट देखी गई। एक ही दिन में इसके मार्केट कैपिटलाइजेशन में 13,075 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। और निवेशकों के 13,075 करोड़ रुपए हवा में उड़ गये।ज़ाहिर है ऐसी स्थिति तभी आती है जब किसी संस्थान या उपक्रम पर विश्वसनीयता का संकट गहराता है और लोगों का विश्वास उठ जाता है। कार्यपालिका से संबंधित सभी संस्थाओं व संस्थानों व उपक्रमों को आँखें मूँद कर या सरकार के दबाव में आकर काम करने के बजाय अपने विवेक से तथा निष्पक्ष तरीक़े से काम करना चाहिये। आज जो लोग सरकारें चला रहे हैं और लोकतंत्र के विभिन्न स्तम्भों को ध्वस्त करना चाह रहे हैं कोई ज़रूरी नहीं कि यही हमेशा सत्ता में रहें परन्तु सत्ता के इशारों पर नाचने वाली E D,CBI,SBI जैसी अनेक संस्थाओं के प्रमुखों को यह फ़िक्र ज़रूर करनी चाहिये कि इन्हीं स्वार्थी सत्ताधारियों की वजह से देश विदेश में इन संस्थाओं की जो विश्वसनीयता धूमिल हो रही है क्या उसकी भरपाई यह दाग़दार स्वार्थी व सत्ता के भूखे राजनेता कभी कर सकेंगे ?

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है। आज अपने आसपास के लोगों के इरादे आसानी से समझ जाएंगे। आज बड़े पदों पर बैठे लोगों से कॉन्टैक्ट हो सकता है। आप अपने काम में सामाजिक संपर्कों का फायदा उठाने में सफल हो सकते हैं।

वृष राशि- आज आपका ध्यान अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। घर में धार्मिक समारोह का आयोजन कर सकते हैं। इससे घर में सुख-सौभाग्य बना रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र का वातावरण अनुकूल बना रहेगा। सभी काम बिना किसी रुकावट के पूरे हो जाएंगे। परिवार के सदस्यों के साथ रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। ऑफिस के काम में आपको बॉस से वाहवाही मिलेगी।

मिथुन राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। सार्वजनिक एवं प्रोफेशनल कार्यों में अनुकूल संयोग मिल सकते हैं। कोई समस्याओं को दूर करने के लिए परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर उसका निवारण कर सकेंगे। हर काम समय पर पूर्ण होने से आनंद का अनुभव होगा। धन की कमी दूर होने से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। अधिक धन संपत्ति प्राप्त करेंगे। जो मल्टीनेशनल कंपनी में जुड़े हैं ऐसे जातकों के लिए आज का दिन प्रगतिकारक दिखाई दे रहा है।

कर्क राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। किसी काम में रुकावटें आ सकती हैं, लेकिन अधिकारियों की मदद से काम निपटा लेंगे। जोश में आकर कोई ऐसा काम न करें, जिससे आप परेशान हो जाएं। आपको थोड़ा सावधान रहना चाहिए। आज जल्दबाजी में आकर कोई ऐसा वादा कर सकते हैं, जिसे पूरा करने में आपको कठिनाई महसूस हो सकती है। आज आपके खर्चे बढ़ने की संभावना है। आज आपको अचानक धन लाभ होगा। आपके कई योजनाएं समय से पूरे हो जाएंगे। आपके परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज किसी काम से आपको बड़ा फायदा हो सकता है। कुछ निजी कामों में भाई का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। इस राशि के विवाहित आज किसी अच्छी जगह पर पिकनिक के लिए जा सकते हैं। जीवनसाथी से आपको कोई खूबसूरत तोहफा मिल सकता है। आज उन लोगों से बातचीत करने के लिए अच्छा दिन है, जिनसे आपकी मुलाकात कभी-कभी ही होती है। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी-खासी सफलता मिलेगी। अपनी उर्जा से आप बहुत कुछ हासिल कर लेंगे। जीवनसाथी के मन की इच्छा पूरी करने की कोशिश करेंगे।

कन्या राशि-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। अचानक से धन लाभ हो सकता है। आज शाम तक किसी समारोह में शामिल होंगे। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन यादगार रहेगा। किसी जरूरी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है। कोई दोस्त आज आपसे कॉन्टैक्ट कर सकता है। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आज आप पूरे लग्न से काम करेंगे। आज के दिन गाय को गुड़ खिलाएं, जीवन में दूसरों का सहयोग मिलता रहेगा।

तुला राशि- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज किसी पर गुस्सा करने से बचें। अन्यथा आप परेशानी में पड़ सकते हैं। इस राशि के भाई-बहनों के संबंधों में मजबूती आयेगी। दूसरों के साथ जुड़कर काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आज किस्मत का साथ मिलने में थोड़ी परेशानी आ सकती है। जरूरत से ज्यादा भावुक होना आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से सम्मान मिल सकता है।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन काफी अच्छा रहेगा। घरेलू समस्याओं को सुलझाने में सफल रह सकते हैं। आज जीवनसाथी का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। इस राशि के छात्रों को आज किसी पसंदीदा कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलाया जा सकता है। आज ऑफिस में कुछ नया काम कर सकते हैं। रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं। इस राशि के भाई अपने बहनों को कोई ड्रेस गिफ्ट कर सकते हैं। आज दोस्तों की मदद से धन लाभ हो सकता है।

धनु राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आर्थिक पक्ष पहले से बेहतर बना रहेगा। इस राशि के छात्रों का आज पढ़ाई में मन लगेगा। कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न आज सॉल्व हो जाएंगे। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख प्राप्त होगा। आज किसी खास काम के परिणाम आपके पक्ष में रहेंगे। आपको कोई अच्छी खबर मिल सकती है। आर्थिक मामलों में आपको लाभ मिलेगा। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नए कदम उठाएंगे।

मकर राशि-आज आपका दिन खास रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। आज कोई बड़ी सफलता मिल सकती है। आज लोग आपकी बात से सहमत हो सकते हैं। पुराने दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। परिवार से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। आपकी सोच में नयापन आ सकता है। आपका ध्यान नियमित कामकाज को निपटाने पर ज्यादा रहेगा। आज आप अच्छे मूड में रहेंगे। आज के दिन मिट्टी के बर्तन में पक्षियों के लिए पानी भरकर रखें, आपके पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे।

कुंभ राशि- आज खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज के दिन करियर में नया बदलाव होगा। सेहत बेहतर बनी रहेगी। कुछ नये वर्कआउट को नियमित एक्सरसाइज में शामिल करेंगे। इस राशि के भाई अपने बहनों को कुछ अच्छा गिफ्ट करेंगे। आज जो काम करने की सोचेंगे, उसे पूरा कर लेंगे। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन समान्य रहेगा। आपकी सभी परेशानियां जल्द दूर होंगी।

मीन राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज किसी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। इस राशि के भाई-बहन मंदिर में भगवान के दर्शन करने जा सकते हैं। आज पैसों के लेन-देन से दूर रहें। सोच-समझकर और योजना बनाकर ही आगे बढ़ें। आज कुछ खर्चे फालतू हो सकते हैं। घर-परिवार की चिंता बनी रह सकती है। दोस्त की मदद से करोबार की स्थिति अच्छी होगी। आज फॉन का ज्यादा इस्तेमाल ना करें नही तो माता आप पर गुस्सा कर सकती है।

व्यंग्य

# वॉल पोस्टर

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

बुद्धि जब सोचने-समझने की क्षमता खो देती है तब हम अपने पैरों पर न चलकर भ्रम के पैरों पर चलने लगते हैं। भ्रम का मायाजाल कुछ इस तरह सिर चढ़कर बोलता है कि मानो तालाब में खिले कमल कह रहे हों कि हम तुम्हारे लिए ही खिले हैं। दूर गगन में टंगा आसमान मानो हमारे आंगन में फुटबाल की तरह गिरा पड़ा है। बचपन की बुद्धि सोचने-समझने से नहीं कुटिलताओं से परे होती है। कितना अच्छा होता कि यह बचपन जीवन की सभी दशाओं में सबसे लंबी अवस्था होती। न किसी से छल करते न किसी से झूठ बोलते। खुद में मस्त होकर जहाँ चाहे वहाँ खेलते-कूदते। प्रदूषण की माया ने आसमान के



तारों को रंग-बिरंगे कागजों में झिलमिलाने के लिए मजबूर कर दिया है। एक समय था जब आंगन के डार पर टंगी सादी साड़ी के इस पार से उस पार के तारों को देखने पर ऐसा लगता मानो किसी ने आकर साड़ी पर सितारे टांक दिए हैं। जब जिंदगी खुद धुआँ-धुआँ सा लगने लगे तब आसमान के तारों की बात करना बेईमानी होती है। पहले देशभक्ति रगों में दौड़ती थी। अब खादी के कपड़ों और चौराहे से खरीदे प्लास्टिक के झंडों में सिमटी बैठी है। था एक समय जब मतवालों की तरह जयहिंद-वंदेमातरम-इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए निकल पड़ते थे किला फतेह करने। अब गालों पर तिरंगा रंग लगाए, चंद नाखून और बाल कटवाकर खूद को देश के लिए होम होने वाला बड़ा देशभक्त घोषित कर लेते हैं। गलों के पावन मंदिर से निकलने वाले देशभक्ति गीतों के स्थान पर बेतूके गानों की धूम मची है। न स्वतंत्रता दिवस का ज्ञान न गणतंत्र का। बस इतना पता है कि दोनों दिन झंडा फहराते हैं और छुट्टी होती है। न जाने हमारे देश में कैलेंडर कौन बनाता है जो इन दिवसों को राष्ट्रीय पर्व के रूप में दिखाता है। वह तो भला हो हमारी नवपीढ़ी का जो उसे सुधारकर छुट्टी के रूप में मनाने का कोई अवसर नहीं गंवाते। यादों की दुनिया में विचरना भ्रम ही तो है। रुपए-पैसे और नाम कमाने के खेल में हम इतने रम गए कि खुद के आगे देश को बौना समझने लगे। देश को मिट्टी का टुकड़ा समझकर खुद को बेशकीमती समझने लगे। अपनी कल्पनाओं की दुनिया में विचरते हुए ऐंठन में कॉलर का उठाना, जात-पात, धर्म के नारे लगाने वाले शायद यही कुछ जमापूँजी के रूप में बचा रहे हैं। वालपोस्टरों में चेहरे दिख जाने से पेट थोड़े न भरेंगे। भूख बनाम देशभक्ति के खेल में हम किस तरफ हैं, इसका निर्णय समय रहते लेना होंगा। संकीर्ण खिड़कियों से झाँकना बंद करना होगा। लाखों सूर्य की रोशनी के लिए अपने भीतर के दरवाजें खोलने होंगे। तभी शायद हम इंसान कहलाने लायक बनेंगे।

गंभीर मुद्दा

डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्रा

# लाल सागर : नौवहन में बाधा घातक

यमन में हूती समुद्री लूटेरों से संबद्ध संघर्ष में निरंतर होती वृद्धि और लाल सागर में व्यावसायिक जलयानों पर जारी हमले बड़ी चुनौती के रूप में उभरे हैं।अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों ने 17 मार्च, 2024 के रोज एक और जलयान को निशाना बनाकर कथित रूप से हमला किया। हूती आतंकवादी इजराइल का समर्थन करने के लिए अमेरिका तथा ब्रिटेन को विशेष रूप से अपना विद्रोह प्रदर्शित करके इस क्षेत्र में घातक हमले कर रहे हैं। यमन में हूती विद्रोहियों की तेजी के साथ बढ़ती आक्रामक गतिविधियों ने न केवल अपने विरोधियों को ही प्रभावित किया है, बल्कि लाल सागर के इस संकट से इस क्षेत्र से होने वाला समुद्री व्यापार भी बाधित हो रहा है। मालवाहक जलयानों का इस क्षेत्र से आवागमन बाधित हुआ है, वहीं वैल्पिक मार्ग का इस्तेमाल कर रहे दुनिया भर के देशों के मालवाहक जलपोत लंबी दूरी तय करके आवाजाही कर रहे हैं, जिससे उनकी लागत में इजाफा हो रहा है। उल्लेखनीय है कि अदन दक्षिणी यमन का बंदरगाह शहर है, जहां देश की निर्वासित सरकार है। हूती विद्रोहियों ने इसी इलाके पर अनेक बार ड्रोन और मिसाइलों से हमले किए हैं। परिणामस्वरूप अदन की खाड़ी से ईंधन और अन्य मालवाहक जलयानों की आवाजाही बाधित हुई है। हूती विद्रोहियों का कहना है कि वे इजराइल को हमास के खिलाफ गाजा पट्टी में अपना आक्रमण बंद करने के लिए मजबूर करना चाहते हैं। लाल सागर में हूती विद्रोहियों के आक्रमण से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की समस्या उत्पन्न हो गई है।जलयान कंपनियां परेशान तथा डरी हुई हैं क्योंकि लंबा जलमार्ग अपनाने से उनका समय एवं लागत, दोनों बढ़ जाते हैं, जिसका प्रत्यक्ष और परोक्ष प्रभाव आयात-निर्यात पण्राली पर पड़ेगा। ये हमले वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी बड़ी और कड़ी चुनौती बन चुके हैं। अमेरिका से मिली एक जानकारी के अनुसार 23 दिसम्बर, 2023 को हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से इजराइल जाने वाले सभी देशों के जलपोतों पर हमला करने की चेतावनी दी थी। लाल सागर क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग के रास्तों पर दो एंटीबैलेस्टिक मिसाइलें भी फायर करके इजराइल समर्थक देशों को आगाह किया था। सामरिक, आर्थिक, व्यापारिक और कूटनीतिक दृष्टि से लाल सागर विश्व भर के सबसे संवेदनशील एवं महत्त्वपूर्ण समुद्री मागरे में गिना जाता है। स्वेज नहर भू-मध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है। स्वेज नहर से प्रति वर्ष 17000 से ज्यादा जलपोत अपना आवागमन करते हैं।

एक जानकारी के मुताबिक, लाल सागर से लगभग 12 प्रतिशत वार्षिक वैश्विक व्यापार किया जाता है। यदि हम भारत की बात करें तो हमारे देश का 200 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का व्यापार स्वेज नहर और लाल सागर के रास्ते से होता है। लाल सागर जल-डमरू वैश्विक कंटेनर यातायात के 30 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 12 प्रतिशत के लिए विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण है। यूरोप के साथ भारत की लगभग 80 प्रतिशत वस्तुओं का व्यापार भी इसी मार्ग से होता है। इसी समुद्री मार्ग से भारत अपना 50 प्रतिशत निर्यात और 30 प्रतिशत आयात करता रहा है। वास्तव में लाल सागर में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की सामयिक आवश्यकता है।अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों ने इसी माह एक और जलयान को निशाना बनाकर जोरदार हमला कर दिया। ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड किंग्डम मैरीटाइम ट्रेड आपरेशंस' केंद्र ने इस बारे में बताया कि वास्तव में आकस्मिक हमला अदन के अपतटीय क्षेत्र में हुआ। अमेरिकी सेना की मध्य कमान के अनुसार यमन में हूती के नियंत्रण वाले क्षेत्र में पांच ड्रोन नौका और एक ड्रोन को तबाह कर दिया गया है। यह अभी तक नष्ट की जाने वाली ड्रोन नौकाओं की सबसे अधिक संख्या है जो असामान्य है। भारतीय नौसेना अरब सागर के विभिन्न क्षेत्रों में समुद्री सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक अपने युद्धपोत तैनात किए हुए है।

समुद्री टोह लेने के लिए विमानों की भी तैनाती कर दी गई है। भारतीय तट से लगभग 1400 समुद्री मील (लगभग 2600 किलोमीटर) दूर लगातार लगभग 40 घंटे तक चलाए गए अपने अभियान के दौरान उसने न केवल माल्टीज ध्वज वाले अपहृत व्यापारिक जलयान एम. वी. रूएन के चालक दल के 17 सदस्यों को सुरक्षित रिहा कराया, बल्कि 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को भी आत्मसमर्पण के लिए बाध्य कर दिया। इस अभियान में भारतीय वायु सेना ने भी सक्रिय भूमिका निभाई जिसने सी-17 एयरक्राफ्ट के जरिए मार्कोस (विशेष समुद्री कमांडो) को एम. वी. रूएन पर एयर ड्राप करवाया। इस एयर क्राफ्ट के सक्रिय सहयोग से दो लड़ाकू नौकाओं को भी उनके सटीक स्थान तक पहुंचाया। भारतीय नौसेना ने अनेक विदेशी जलयानों की सुरक्षा में भी सहयोग दिया है और उन्हें हूती विद्रोहियों के कब्जे से छुड़वाया है।उल्लेखनीय है कि जलयान एमवी रूएन का विगत वर्ष 14 दिसम्बर को सोमालिया के समुद्री डकैतों द्वारा अपहरण कर लिया गया था। भारतीय नौसेना ने मजबूत कूटयोजना के साथ समर तंत्र अपना कर यह अभियान सफलता के साथ पूरा किया। बुल्गारिया की विदेश मंत्री मारिया ग्रेब्रियल ने अपहृत जलयान और उसके सात नागरिकों सहित चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचाने के लिए भारतीय नौसेना का आभार व्यक्त किया। इसके प्रतिउत्तर में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा-'दोस्त इसी के लिए होते हैं।' वास्तव में यह जलपोत लगभग 10 लाख अमेरिकी डॉलर की कीमत वाला तथा करीब 37800 टन माल ले जाने की क्षमता से युक्त है। इस अभियान में भारतीय नौसेना के युद्धपोत आईएनएस कोलकाता की विशेष भूमिका रही क्योंकि उसने एम. वी. रूएन जलपोत के स्टीयरिंग सिस्टम और नेवीगेशनल सहायता व्यवस्था को अक्षम बना दिया था।

# अनंत प्रस्थान पर स्वामी स्मरणानंद

नरेंद्र मोदी

लोकसभा चुनाव के महापर्व की भागदौड़ के बीच एक ऐसी खबर आई, जिसने मन-मस्तिष्क में कुछ पल के लिए एक ठहराव सा ला दिया। भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रखर व्यक्तित्व श्रीमत स्वामी स्मरणानंद जी महाराज का समाधिस्थ होना, व्यक्तिगत क्षति जैसा है। कुछ वर्ष पहले स्वामी आत्मास्थानंद जी का महाप्रयाण और अब स्वामी स्मरणानंद का अनंत यात्रा पर प्रस्थान कितने ही लोगों को शोक संतप्त कर गया है। मेरा मन भी करोड़ों भक्तों, संत जनों और रामकृष्ण मठ एवं मिशन के अनुयायियों सा ही दुखी है।

इस महीने की शुरुआत में, अपनी बंगाल यात्रा के दौरान मैंने अस्पताल जाकर स्वामी स्मरणानंद जी के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। स्वामी आत्मास्थानंद जी की तरह ही, स्वामी स्मरणानंद जी ने अपना पूरा जीवन आचार्य रामकृष्ण परमहंस, माता शारदा और स्वामी विवेकानंद के विचारों के वैश्विक प्रसार को समर्पित किया। ये लेख लिखते समय मेरे मन में उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुई बातें, वो स्मृतियां जीवंत हो रहीं हैं। जनवरी 2020 में बेलूर मठ में प्रवास के दौरान, मैंने स्वामी विवेकानंद जी के कमरे में बैठकर ध्यान किया था। उस यात्रा में मैंने स्वामी स्मरणानंद जी से स्वामी आत्मास्थानंद जी के बारे में काफी देर तक बात की थी। आप जानते हैं कि रामकृष्ण मिशन और बेलूर मठ के साथ मेरा कितना आत्मीय संबंध रहा है। आध्यात्म के एक जिज्ञासू के रूप में, पांच दशक से भी ज्यादा के समय में, मैं भिन्न-भिन्न संत-महात्माओं से मिला हूं, अनेकों स्थलों पर रहा हूं। रामकृष्ण मठ में भी मुझे आध्यात्म के लिए जीवन समर्पित करने वाले जिन संतों का परिचय प्राप्त हुआ था, उसमें स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी जैसे व्यक्तित्व प्रमुख थे। उनके पावन विचारों और उनके ज्ञान ने मेरे मन को निरंतर संतुष्टि दी। जीवन के सबसे महत्वपूर्ण कालखंड में ऐसे ही संतों ने



मुझे जन सेवा ही प्रभु सेवा का सत्य सिद्धांत सिखाया।

स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानन्द जी का जीवन, रामकृष्ण मिशन के सिद्धांत 'आत्मनो मोक्षार्थ जगद्धिताय च' का अमिट उदाहरण है। रामकृष्ण मिशन द्वारा, शिक्षा के संवर्धन और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों से हम सभी को प्रेरणा मिलती है। रामकृष्ण मिशन, भारत की आध्यात्मिक चेतना, शैक्षिक सशक्तिकरण और मानवीय सेवा के संकल्प पर काम कर रहा है। 1978 में जब बंगाल में बाढ़ की विभिषिका आई, तो रामकृष्ण मिशन ने अपनी निस्वार्थ सेवा से सभी का हृदय जीत लिया था। मुझे याद है, 2001 में कच्छ के भूकंप के समय स्वामी आत्मास्थानंद उन सबसे पहले लोगों में से एक थे, जिन्होंने मुझे फोन करके ये कहा कि आपदा प्रबंधन के लिए रामकृष्ण मिशन से हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। उनके निर्देशों के अनुरूप, रामकृष्ण मिशन ने भूकंप के उस संकट काल में लोगों की बहुत सहायता की।

बीते वर्षों में स्वामी आत्मास्थानंद जी एवं स्वामी स्मरणानंद जी ने विभिन्न पदों पर रहते हुए सामाजिक सशक्तिकरण पर बहुत जोर दिया। जो भी लोग इन महान विभूतियों के जीवन को जानते हैं, उन्हें ये जरूर याद होगा कि आप जैसे संत मॉर्डर्न लर्निंग, स्किलिंग और नारी सशक्तिकरण के प्रति कितने गंभीर रहते थे।

स्वामी आत्मास्थानंद जी के विराट व्यक्तित्व की जिस विशिष्टता से मैं सबसे अधिक प्रभावित था, वो थी हर संस्कृति, हर परंपरा के प्रति उनका प्रेम, उनका सम्मान। इसका कारण था कि उन्होंने भारत के अलग अलग हिस्सों में लंबा समय गुजारा था और वो लगातार भ्रमण करते थे। उन्होंने गुजरात में रहकर गुजराती बोलना सीखा। यहां तक कि मुझसे भी, वो गुजराती में ही बात करते थे। मुझे उनकी गुजराती बहुत पसंद भी थी।

भारत की विकास यात्रा के अनेक बिंदुओं पर, हमारी मातृभूमि को स्वामी आत्मास्थानंद जी, स्वामी स्मरणानंद जी जैसे अनेक संत महात्माओं का आशीर्वाद मिला है जिन्होंने हमें सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना दी है। इन संतों ने हमें एक साथ होकर समाज के हित के लिए काम करने की दीक्षा दी है। ये सिद्धांत अब तक शाश्वत हैं और आने वाले कालखंड में यही विचार विकसित भारत और अमृत काल की संकल्प शक्ति बनेंगे।

मैं एक बार फिर, पूरे देश की ओर से ऐसी संत आत्माओं को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मुझे विश्वास है कि रामकृष्ण मिशन से जुड़े सभी लोग उनके दिखाए मार्ग को और प्रशस्त करेंगे।

ओम शांति।

**लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं**

# व्यय प्रेक्षक ने किया निर्वाचन कंट्रोल रूम, मीडिया सेंटर का निरीक्षण

## बैठक लेकर पूरी मुस्तैदी से दायित्वों का निर्वहन करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 29 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु कांकेर के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री संदीप मण्डल (आईआरएस-2014) द्वारा आज विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया गया। निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में व्यय प्रेक्षक श्री मण्डल ने कलेक्टोरेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया, जहां पर पंजी संधारण के संबंध में जानकारी ली तथा प्रतिदिन की रिपोर्टिंग के संबंध में आवश्यक निर्देश उपस्थित कर्मचारियों को दिए।इसी तरह कलेक्टोरेट के प्रथम तल पर जिला जनसम्पर्क कार्यालय में स्थापित मीडिया सेंटर का व्यय प्रेक्षक ने निरीक्षण किया। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया अनुवीक्षण इकाई सहित प्रिंट और रेडियो अनुवीक्षण इकाई के कार्यों की जानकारी लेते हुए अनुवीक्षण पंजी का अवलोकन कर जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण इकाई के नोडल अधिकारी श्री टी.एस. सिन्हा ने बताया कि एमसीएमसी की उपसमिति के सदस्यों के द्वारा नामनिर्देशन की प्रारम्भिक तिथि यानी आज से प्रत्येक दिवस के अनुवीक्षण का प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में भरकर व्यय लेखा टीम और



सहायक व्यय प्रेक्षक को प्रेषित किया जाता है। इस दौरान व्यय प्रेक्षक ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक अभ्यर्थी के निर्वाचन व्यय संबंधी गतिविधियों पर सूक्ष्मता से निगरानी करने के निर्देश दिए। तत्पश्चात् उन्होंने निर्वाचन व्यय की निगरानी से संबंधित दलों के प्रभारी अधिकारियों की संक्षिप्त बैठक लेकर जिले के विभिन्न स्थानों सहित अंतर्जिला सीमावर्ती इलाकों में एसएसटी, एफएसटी दलों को पूरी मुस्तैदी के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री एस. अहिरवार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अशोक मारबल, लाइजनिंग अधिकारी श्री बीएस पैकरा व श्री खलखो मौजूद थे।

## एक नजर

### एफएसटी एवं एसएसटी टीम वाहनों की सघन चेकिंग कर रही



**सुकमा,29 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस.एस के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले में निर्वाचन व्यय संबंधी मॉनीटरिंग हेतु गठित एसएसटी टीम के द्वारा जिले के चेक पोस्टों में निरंतर आने-जाने वालों की वाहनों की सघन निगरानी की जा रही है। उल्लेखनीय है लोक सभा निर्वाचन को दृष्टिगत जिले के सभी थाना क्षेत्र में एफएसटी एवम् एसएसटी टीम तैनात की गई है। टीम द्वारा नाकाबंदी कर अवैध शराब, गांजा, जुआ सट्टा आदि गतिविधि पाए जाने पर अधिनियम अंतर्गत अधिक से अधिक जप्ती कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले के चेक पोस्टों में एसएसटी 15, एफएसटी 06 एवं वीएसटी की 04 टीम भी तैनात की गई है। जिसके द्वारा निरंतर विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर सतत् निगरानी की जा रही है।

### बस्तर से कवासी लखमा की जगह अन्य कांग्रेसी को प्रत्याशी बनाने की मांग

**सुकमा,29 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कवासी लखमा झोरम नक्सली हमले 2013 में संदिग्ध है मैने 2019 में सायिक आयोग के समक्ष अपना शपथ पत्र भी दिया था जिसमे कवासी लखमा के नार्को टेस्ट की मांग भी की थी कवासी लखमा बस्तर के प्रभारी मंत्री भी थे जिसके कारण कांग्रेस को लगभग 8 सीटों में हार का सामना विधान सभा चुनाव में करना पड़ा है। और कुछ दिन पहले ईओडब्ल्यू में कवसी के खिलाफ शराब बोपले में प्रति माह पच्चास लाख रुपये लेने का आरोपी भी बनाया गया है। मैं समय समय पर 2013 मई में हुये नक्सली हमले की भी गंभीर जांच की भाग करता रहा हूँ छत्तीसगढ़ सरकार सभी मैं अनुरोध करता हूँ कि न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट को ओपन करें जिससे कुछ सच्चाई सामने आ सकें।

### कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू

**उत्तर बस्तर कांकेर, 29 मार्च ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के द्वितीय चरण में कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-11 में निर्वाचन के लिए आज कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री अभिजीत सिंह द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत द्वितीय चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। अधिसूचना जारी होने के साथ ही कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए नाम-निर्देशन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नाम-निर्देशन के पहले दिन 07 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र प्राप्त किया, जिनमें सर्वश्री बीरेश ठाकुर, सोनसिंह, भोजराज नाग, भोजराम, श्री सुकचंद नेताम, विनोद कुमार नागवंशी और जीवन लाल मतलाम शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र शासकीय अवकाश को छोड़कर प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 04 अप्रैल तथा नामांकन पत्रों की संवीक्षा 05 अप्रैल को होगी। इसी प्रकार नाम वापसी 08 अप्रैल को दोपहर 03 बजे तक की जा सकेगी।

### नगरी विकासखण्ड के मतदान दलों को दिया गया प्रशिक्षण

**धमतरी 29 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज नगरी विकासखण्ड के पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, मतदान अधिकारी 2 और मतदान अधिकारी 3 का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल नगरी में आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने प्रशिक्षण का जायजा लिया और मतदान कार्य को निर्बाध संपादित करने के लिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझने कहा, ताकि मतदान के दिन यदि कोई समस्या आई तो तत्काल उसका निराकरण किया जा सके। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखने कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में मतदान करवाने के साथ-साथ अपने मताधिकार का उपयोग भी करना जरूरी है, इसलिए सभी पोस्टल बैलेट पेपर नियत समय मे प्राप्त कर लेवे और पोस्टल बैलेट पेपर के संबंध में पूरी जानकारी सीखें।

# रामबाग बाजार में नुक्कड़ नाटक कर बताया मतदान का महत्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 29 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप गतिविधियां चलाई जा रहीं हैं। इस दौरान लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आज स्थानीय रामबाग बाजार में नेहरू युवा केन्द्र, जननी सेवा संस्थान, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सदस्यों द्वारा सामग्री बेचने वाले और खरीदी करने आये लोगों को आकर्षक नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदान के महत्व के बारे में समझाया। इस मौके पर लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल होने वाले मतदान की जानकारी देते हुए लोगों के साथ सभी ने एकसाथ मिलकर नारे लगाए। इनमें 'जिला धमतरी-वोट सर्वोपरी', 'छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान', 'देश के विकास में दें अपना योगदान, हर हाल में करना अपना मतदान' 'जन-जन की यही पुकार, वोट डालो अबकी



बार' 'लालच देकर वोट जो मांगे भ्रष्टाचार वो करेगा आगे', संबंधी नारे शामिल हैं। रामबाग बाजार में आयोजित स्वीप नुक्कड़ नाटक में उपस्थित लोगों ने मतदान करने की शपथ ली। हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। इस अवसर पर श्री आकाश गिरी गोस्वामी, श्री शेष नारायण गजेंद्र, श्री के. पी. साहू, श्री होमेश्वर प्रसाद चंद्राकर, श्री खोमन लाल साहू, श्री लक्ष्मी नारायण सिन्हा, श्री सूर्यकांत गिरी गोस्वामी, श्री लोकेश साहू, श्री वासुदेव साहू सहित बड़ी संख्या में शहरवासी और बाजार में पहुंचे आसपास के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### व्यय प्रेक्षक ने विभिन्न चेक पोस्ट का लिया जायजा



**जगदलपुर 29 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर (अजजा) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री आशुतोष प्रधान ने बस्तर जिले में स्थित विभिन्न चेक पोस्ट का बुधवार एवं गुरुवार को आकस्मिक निरीक्षण कर इन चेक पोस्ट में तैनात स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और स्थैतिक निगरानी दलों को वाहनों का सघन जांच किये जाने कहा। उन्होंने इस दौरान बुधवार को रात्रि में बस्तर चौकी के समीप स्थापित चेक पोस्ट का जायजा लिया। वहीं गुरूवार को लोहण्डीगुड़ा, बडांजी तथा पल्ली नाका चेक पोस्ट का निरीक्षण किया और स्थैतिक निगरानी दलों को नकदी, आभूषण एवं शराब के अवैध परिवहन पर कड़ाई से जांच करने निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक श्री प्रधान ने उक्त स्थानों में जांच की गई वाहनों की जानकारी, पंजियों के संधारण इत्यादि का अवलोकन भी किया और सतर्कता के साथ कड़ी निगरानी रखे जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने शिफ्टिंग मतदान केंद्रों के लिए राजनीतिक दलों से ली सहमति




**जगदलपुर 29 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने सुरक्षागत कारणों और ग्रामीणों की मांगों के आधार पर जिले के मतदान केंद्रों में से शिफ्टिंग मतदान केंद्रों और पी-2 मतदान केंद्रों के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चाकर सहमति ली गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा ने भी पी-1 और पी-2 मतदान केंद्रों के प्रस्ताव सुरक्षागत कारणों से करने के लिए संबंध में भी विचार रखे। इस अवसर पर बीजेपी, कांग्रेस, बीएसपी, आप पार्टी के प्रतिनिधि, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, एसडीएम जगदलपुर, तोकापाल, बस्तर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता अभियान में नववधू मतदाताओं को दिलाई गई शपथ



**उत्तर बस्तर कांकेर, 29 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज कांकेर में नव वधू मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। स्वीप के तहत जनपद पंचायत चारामा के ग्राम लखनपुरी में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने 'चलो मतदान केन्द्र की ओर' के नारे के साथ रैली निकालकर मतदान दिवस के दिन 26 अप्रैल को मतदान करने का आग्रह किया। इसी प्रकार कोयलीबेड़ा विकासखंड अंतर्गत स्वीप सहेली ने भी ग्रामीण मतदाताओं को स्वीप संबंधी रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसके अलावा भानुप्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हाटकर्रा में महिला शक्ति संगठन द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाल कर नारा लेखन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी महिलाओं को शतप्रतिशत मतदान के लिए शपथ भी दिलाई गई।

### ओपीडी पर्ची में दिया जा रहा मतदान करने का संदेश

**उत्तर बस्तर कांकेर, 29 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आम नागरिकों को मतदान की अनिवार्यता को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कोमलदेव शासकीय जिला अस्पताल कांकेर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अनोखी पहल की जा रही है।

# लोकसभा चुनाव के लिए जिले की एफएसटी, एसएसटी टीम सक्रिय

- जांच के दौरान 23 हजार रुपये से अधिक की अवैध मदिरा जब्त
- आबकारी विभाग ने की जब्ती की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 29 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एफएसटी एवं एसएसटी दलों के द्वारा वाहनों की रैण्डम आधार पर सघन जांच की जा रही है। इसी दौरान आज आबकारी एवं एफ.एस.टी दल द्वारा दबेना-जामगांव मार्ग पर दुधावा चौकी में वाहनों की जांच के दौरान एक संदिग्ध वाहन मारूति सुजुकी स्विफ्ट क्रमांक सी.जी. 04 एच.एल. 1790 में गोवा स्पेशल व्हिस्की पाव के 96 नग (17.28 लीटर), पार्टी स्पेशल डिलक्स व्हिस्की पाव के 20 नग (3.60 लीटर), सिम्बा स्ट्रांग बीयर के 36 नग (23.40 लीटर) एवं सिम्बा केन बीयर के 08 नग (4.00 लीटर) कुल 48.280 लीटर मदिरा बरामद की गई। वाहन चालक मनोज कुमार राय पिता विजय राय निवासी बाजार चौक जामगांव से पूछताछ करने पर उसके द्वारा कोई वैध लायसेंस या परमिट प्रस्तुत नहीं किया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि उक्त आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2),59 (क) के तहत गिरफ्तार किया जा कर मदिरा कीमत 23 हजार 280 रूपए एवं वाहन (अनुमानित मूल्य 02 लाख 50 हजार रूपए) इस प्रकार कुल 02 लाख 73 हजार 280 रूपये की जब्ती की कार्यवाही के बाद आरोपी वाहन चालक को न्यायालय से रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय, परिवहन व चौर्नयन की रोकथाम के लिए सघन गश्त करते हुए वाहनों की जांच एवं दबिश दी जा रही है।




# मतदाता को जागरूक करने की दिशा में ग्रामीणों की अनोखी पहल

**धमतरी 29 मार्च।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद, धमतरी और लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिए आगामी 26 अप्रैल को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश तथा सीईओ जिला पंचायत और स्वीप जिला नोडल अधिकारी सुश्री रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप संबंधी अनेक गतिविधियां चलाई जा रहीं हैं। बीते दिनों जहां दिव्यांगजनों को मतदान हेतु प्रेरित करने सुमित बाजार में शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए, वहीं नेहरू युवा केन्द्र के प्रतिनिधियां ने शहर के बीचों-बीच नुक्कड़ नाटक और प्रहसन प्रस्तुत कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अलावा स्वीप होली, स्वीप रैली, स्वीप रंगोली सहित विभिन्न स्वीप गतिविधियां जिले में लगातार आयोजित की जा रहीं हैं। इनमें 'आओ सब मिलकर गाएं, हम देने वोट जरूर जायें', 'आन, बान अउ सान से, सरकार बने मतदान से', 'सरकार बनाना आता है, क्योंकि हम मतदाता है', 'बीएलओ से बात करेंगे, मतदाता हम अवश्य बनेंगे', 'अंतर्मन से देना वोट, बदले में नहीं लेना नोट', संबंधी नारों को यहां पानी पीने पहुंच रहे बड़ी संख्या में मजदूर, ग्रामीण, विद्यार्थी पढ़कर औरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प ले रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने मतदान की शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### प्रशिक्षण में मतदान दल ने ली शपथ

**धमतरी 29 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-1, मतदान अधिकारी-2 और मतदान अधिकारी-3 को आज स्थानीय सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर्स द्वारा उन्हें मतदान की शपथ दिलाई गई। हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

### खेतिहर और मनरेगा मजदूर लोकतंत्र के पर्व में मतदान कर निभायेंगे अपनी भागीदारी

**धमतरी 29 मार्च।** लोकतंत्र के महापर्व में जिले के मजदूर वर्ग बढ़-चढ़कर उत्साह के साथ हिस्सा ले रहा है। खेतों और मनरेगा मजदूरी स्थल सहित अपने आसपास भी लोगों को मतदान करने प्रोत्साहित कर रहे हैं। साथ ही लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में अपनी पूरी भागीदारी निभाने की शपथ भी ले रहे हैं। उन्होंने हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

### सिविल अस्पताल नगरी को कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

**धमतरी 29 मार्च।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी आज नगरी में आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण का जायजा लेने के बाद सिविल अस्पताल नगरी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और भर्ती होने से अब तक हुए बच्चों के वजन में बढ़ोत्तरी को देख प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने इस मौके पर उपस्थिति चिकित्सकों को निर्देशित किया कि वे बच्चों को एलोपैथी के साथ-साथ आयुर्वेद दवाई का सेवन भी करायें। साथ ही आयुष थेरेपी सेंटर में नियमित रूप से बच्चों की मालिश करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने माताओं को दिये जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली और उन्हें भी अपने बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन तैयार करना सिखाने कहा।

# कृषि विवि में बौद्धिक सम्पदा अधिकार का जागरूकता दिवस मनाया गया

**रायपुर 29 मार्च।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर में बौद्धिक सम्पदा अधिकार के परिपेक्षय में जागरूकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने अपने संबोधन में कहा कि आज का युग स्पर्धा का युग है, जिसमें दस्तावेजों का पंजीयन, ट्रेडमार्क, पेटेन्ट और कॉपी राईट समय की मांग दर्शाता है। उन्हांने आगे कहा पेटेन्ट कराने के लिए की मार्गदर्शिका के अनुसार भारत सरकार से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना होता है। नियमानुसार प्रकाशन के दो साल बाद साईटेशन होता है। जागरूकता दिवस पर उन्होंने पेटेन्ट की महत्वपूर्ण उपयोगिता बताई। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण देते हुए संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पेटेन्ट का इतिहास पुराना है। 1400 ईस्वी में भवन डिजाइनरों के द्वारा पेटेन्ट का उपयोग किया गया। जहां-जहां भी पेटेन्ट किया गया वहां विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने आगे कहा कि पेटेन्ट का मतलब जनता के लिए जानकारी को विस्तारित करना है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में बौद्धिक सम्पदा अधिकार के प्रकोष्ठ की स्थापना हुई है, विश्वविद्यालय में किस्मों को जी.आई. टैग मिला है तथा पेटेन्ट की विधि को सरल किया गया है।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में बौद्धिक सम्पदा अधिकार के बारे में व्याख्यान देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. एस.व्ही. वेरूलकर ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन के अनुसार बौद्धिक सम्पदा का अधिकार व्यक्ति के मस्तिष्क में सृजन और उसके उपयोग के दस्तावेजीकरण से जुड़ा है। उन्होंने पेटेन्ट में कॉपिराईट, ट्रेडमार्क, जी.आई. टैग को शामिल किया है। उन्होंने भारतीय पेटेन्ट अधिनियम 1970 की जानकारी दी तथा मूल्य संवर्धन और पेटेन्ट की




विस्तृत प्रक्रिया बताई। इसी सत्र में छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के वैज्ञानिक डॉ. अमित दुबे ने व्याख्यान देते हुए बताया नवाचार से नये-नये तरीके ज्ञात होते हैं। इन तरीकों का व्यावसायीकरण जरूरी होता है। उन्होंने नवाचार प्रक्रिया में अनुसंधान और विकास संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, उद्योगों द्वारा किये जाने वाले अनुसंधान, नवाचार, विकास, पेटेन्ट, उत्पादन, विपणन तथा अंगीकरण के संबंध को बताया। बौद्धिक सम्पदा अधिकार के बारे में उन्होंने भारत सरकार के पेटेन्ट जानकारी केन्द्र, ज्ञान - राष्ट्रीय नवाचार फाउंडेशन अहमदाबाद, राज्य सरकार के नवाचार निधि कार्यक्रम तथा छत्तीसगढ़ के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रमों (एम.एस.एम.ई.) के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में प्रकाशन का चौथा स्थान है जबकि साईटेशन 9वें स्थान पर है तथा पेटेन्ट दर्ज कराने में 40वें स्थान पर है। जागरूकता दिवस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के निदेशक विस्तार डॉ. अजय वर्मा, संचालक बीज एवं प्रक्षेत्र डॉ. एस.एस. टुटेजा, संचालक शिक्षण डॉ. एस.एस. सेंगर, अधिष्ठाता द्वय डॉ. जी.के. दास, डॉ. ए.के. दवे विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक डॉ. दीप्ति झा ने किया तथा कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन सह संचालक अनुसंधान डॉ. धनंजय शर्मा ने किया।

**एक नजर**

### घर घुसकर छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार



**तिल्दा-नेवरा, 29 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 26 मार्च को प्रार्थिया 30 वर्षीय महिला होली खेलने के बाद पति ज्यादा शराब पीने से वाद विवाद होकर अपने रूम में सोई थी कि रात करीबन 10:30 आरोपी दीपक तुरकाने पिता स्व0 मंतराम तुरकाने उम्र 29 साल सा0 वार्ड व. 12 घुलघुल निवासी प्रार्थिया 30 वर्षीय महिला को बेईज्जत करने की नियत से जबरदस्ती घर में घुसकर प्रार्थिया के उपर सो कर चुमने लगा जिसे छुने पर अन्य आदमी होने की शंका होने पर प्रार्थिया उसे पैर से मारी की प्रार्थिया कि रिर्पोट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना आरोपी दीपक तुरकाने पिता स्व0 मंतराम तुरकाने उम्र 29 साल सा0 वार्ड व. 12 घुलघुल थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर को 28 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### लूट का फरार आरोपी गिरफ्तार



**तिल्दा-नेवरा, 29 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 13 जनवरी को प्रार्थी प्रेमलाल वर्मा अपनी मोटर सायकल एचएफडीलक्स से रात्रि 9:30 बजे ड्यूटी पर जा रहा था तभी ग्राम कोटा के पास अज्ञात तीन व्यक्ति प्रताप की मोटर साइकिल के सामने अपने वाहन को खड़ा कर प्रार्थी से एक इंफिनिक्स कंपनी का मोबाइल कीमती 7000 एवं नगदी 1200 को लूटकर फरार हो गए प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध का 29/ 2024 धारा 394 भादवी पंजीबद कर दौरान विवेचना में आरोपी 1- संजय साहू 2- यश निषाद को 15 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था प्रकरण के फरार आरोपी विनोद पाल पिता हेमंत कुमार पाल उम्र 22 साल सा0 वार्ड क्रमांक 9 नेवरा को 28 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड न्यायिक रिमांड भेजा गया है।

### अवकाश दिवस में खुले रहेंगे जिले के सभी पंजीयन कार्यालय

**बलौदाबाजार, 29 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के सभी पंजीयन कार्यालयों में कम्प्यूटरीकृत एन.जी.डी.आर.एस. प्रणाली से पंजीयन कार्य हो रहा है। इस वित्तीय वर्ष में मार्च माह के अंतिम सप्ताह में दिनांक 29 से 31 मार्च तक शासकीय अवकाश है। किन्तु अचल संपत्ति के खरीदी बिक्री से संबंधित दस्तावेजों के पंजीयन के लिए पक्षकारों को असुविधा का सामना नही करना पड़े इसके लिए जिले के सभी पंजीयन कार्यालय वर्षान्त के अवकाश दिवसों 29 से 31 मार्च में भी खुले रहेंगे। पंजीयन के लिए पक्षकारों को स्टाम्प प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए ई-स्टाम्प काउंटर भी अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। मार्च माह में 16 मार्च के उपरान्त सभी शनिवार एवं रविवार को भी पंजीयन कार्यालयों में पंजीयन कार्य होने से पक्षकारों को सुविधा हुई है। मार्च माह में प्रतिवर्ष सर्वाधिक दस्तावेजों का पंजीयन होता है। आम दिनों की अपेक्षा प्रतिदिन लगभग दो से तीन गुना दस्तावेज पंजीयन के लिए प्रस्तुत होते है, इसे ध्यान में रखते हुए इस वित्तीय वर्ष में मार्च माह में प्रतिदिन निर्धारित अपाईन्टमेंट की सीमा में भी वृद्धि करते हुए प्रातः 10 बजे से शाम 7 बजे तक अपाईन्टमेंट की सुविधा प्रदान की गई है।

## भाजपा मण्डल कसडोल की चुनावी बैठक में कार्यों की गहन समीक्षा

# हर बूथ में कम से कम सौ घरों में पार्टी का झंडा लगाएंगे कार्यकर्ता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 29 मार्च।** लोकसभा चुनाव 2024 को भारी मतों से जिताने के लिए आज दिनांक 28 मार्च को भाजपा पार्टी के लोकसभा चुनाव कार्यालय कसडोल में कार्यकर्ताओ की मण्डल स्तरीय बैठक रखी गई, जिसमें पार्टी द्वारा दिए गए कार्यों की गहन समीक्षा की गई ! वहीं आने वाले 30 मार्च को हर बूथ के कम से कम 100 घरों में पार्टी का झंडा लगाना है। बैठक में मुख्य अतिथि की आसंदी से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं विधानसभा, सभा संयोजक डॉ अजय राव ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाएँ किसी से छिपी नहीं है। हर गांव शहर में 90 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी हैं। हमारे कार्यकर्ताओ को हर बूथ में लाभार्थियों के घर जाकर चाय पीना है, और उनसे चर्चा करनी है।



चाय पे चर्चा के दौरान केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की विष्णु देव सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए उनकी प्रतिक्रिया लेनी है। किसी से बहस नहीं कर, आने वाले समय में समाधान करने का आश्वासन देना है जिससे पार्टी की ओर उनका झुकाव बढ़े और लोकसभा चुनाव में हमें लाभ मिले। साथ ही लाभार्थियों को 9090902024 मो.नं. पर मोबाइल से डायल करवाकर भाजपा का सदस्य बनाने का काम भी करना है। यह हमारी अनवरत प्रक्रिया है जो लगातार चलते रहना चाहिए। बैठक को मण्डल अध्यक्ष मेलाराम साहू एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल ने भी सम्बोधित किया। वहीं आभार प्रदर्शन मण्डल प्रभारी गिरधारी लाल वर्मा ने किया। इस अवसर पर इनके अतिरिक्त महामंत्री अंजीव जायसवाल, रामचंद्र ध्रुव एवं चन्द्रिका पटेल, उपाध्यक्ष एवं कार्यालय प्रभारी डॉ सुदीप मानिकपुरी, उपाध्यक्ष सोनाराम यादव, मंत्री अनिल श्रीवास, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शीला वर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्य सीमा थवाईत, मण्डल अध्यक्ष अनुराधा कर्ष, उपाध्यक्ष निर्मला साहू, जवा बाई वर्मा, ममता कर्ष, अनीता कैवर्त, युवा मोर्चा महामंत्री समारु कैवर्त एवं गणेश शंकर साहू, राजू साहू, अजय शर्मा, गोटीलाल साहू, संतोष कश्यप, गोपाल साहू, शिव साहू, अजय मिश्रा, गुनीराम साहू, विनोद बंजारे, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम कैवर्त, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मण्डल अध्यक्ष दिलहरण जायसवाल, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष फनिदेव पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता गण उपस्थित रहे। श्यामबाई साहू प्रदेश मंत्री भाजपा छत्तीसगढ़ ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस बार मोदी की सुनामी चल रही है। विरोधी पार्टी बिना लड़े ही हार मान रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश में चुनाव से पहले ही मुख्यमंत्री पेमा खांडू समेत बीजेपी के 5 उम्मीदवारों की जीत लगभग तय है। इन अभ्यर्थियों के खिलाफ किसी ने आवेदन दाखिल नहीं किया। इसलिए भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित होंगे। अरुणाचल प्रदेश में 60 विधानसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। उससे पहले बीजेपी के लिए ये एक बड़ी खुशी की खबर है।

# होली मिलन समारोह में जमकर थिरके अग्रवाल सभा के सदस्य



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 29 मार्च।** अग्रवाल सभा के द्वारा अग्रसेन भवन मे होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर समाज की महिलाएं, पुरूष, बच्चे शामिल हुए।होली मिलन समारोह मे फूल एवं गुलाल से जमकर होली खेली व होली के संगीत पर जमकर नृत्य किया, व एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल के अलावा समाज के अन्य पदाधिकारी व समाज के लोग शामिल रहे। स्नेह भोज के साथ होली मिलन समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# कलेक्टर और एसपी ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा



- ■ अधिकारियों को समय सीमा में कार्य करने के दिए निर्देश
- ■ ईवीएम वेयर हाउस सहित विभिन्न अनुवीक्षण इकाइयों का भी किया अवलोकन

**बलौदाबाजार, 29 मार्च।** लोकसभा चुनाव के तैयारियों का जायजा लेने कलेक्टर के एल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार जिला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर में स्ट्रांग रूम पहुंचे। उन्होंने संबधित अधिकारियों को समय सीमा के भीतर ही कार्य करने के निर्देश दिए है। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के एल चौहान ने स्ट्रांग रूम, मत पेटी वितरण केन्द्र एवं मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, भवनों में बिजली सुविधा, इंटरनेट कनेक्शन, पानी सप्लाई तथा शौचालय की उचित व्यवस्था सहित सभी आधारभूत व्यस्थाए सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही निर्वाचन में लगने वाले अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षा संबंधी उपाय और सुरक्षा में लगने वाले फोर्स के लिए कार्य अनुसार अलग अलग भवनों का चिन्हांकन भी किया गया।

निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्य में आने वाले वाहनों के लिए लोकसभा सह विधानसभावार पार्किंग व्यवस्था, आगमन एवं निकासी के लिए अलग अलग रास्तों का भी चिन्हांकन किया गया। कलेक्टर द्वारा उक्त सभी आधारभूत व्यवस्थाए संबंधित अधिकारियों को समय रहते करने के निर्देश दिए गए, जिससे जिले में सुव्यवस्थित निर्वाचन कार्य संपादित कराई जा सके। इसके साथ ही कलेक्टर एसपी ने उपजिला निर्वाचन कार्यालय में स्थित ईवीएम वेयर हाउस सहित विभिन्न अनुवीक्षण इकाइयों का भी अवलोकन किया। जिसमें कंट्रोल रूम, व्यय अनुवीक्षण सेल, एमसीएमसी सेल में तैनात कर्मचारियों से मुलाकत कर ड्यूटी संबधित जानकारी ली। इस दौरान कुछ व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, पीडब्ल्यूडी ईई वर्मा, सब इंजीनियर विभाकर जोशी, सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# घर के बाहर खड़ी कार में आग लगाने के आरोप में चार गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 29 मार्च।** होलिका दहन की रात घर के बाहर खडी कार मे आग लगाने वाले चार आरोपियों को शहर पुलिस ने गिरफ्तार किया। शहर टी.आई.योगिता बाली खापर्डे ने बताया 26 मार्च को प्रार्थी अनिरुद्ध शर्मा निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड द्वारा थाना भाटापारा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 24 मार्च को होलिका दहन पर्व के दिन अपनी ग्रे कलर का बलेनो वाहन क्र. सीजी-12-बीसी-2831 को घर के बाहर खड़ी किया था, कि रात्रि 02:00 बजे लगभग पड़ोसी द्वारा घर में आवाज देकर बताया गया, कि मेरे कार में आग लगी है, तथा कार जल रही है। तब मेरे द्वारा आसपास मौजूद पड़ोसियों की सहायता से आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक कार पूरी तरीके से जल चुकी थी। रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर मे धारा 435, 436, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

एसडीओपी आशीष अरोरा के मार्गदर्शन मे निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में कार में आग लगाने वाले एवं प्रकरण के संबंध में जांच तस्दीक कार्यवाही प्रारंभ किया गया। पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर, सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार में आग लगाने वाले अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ किया गया। घटनास्थल व उसके आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। टीम के सदस्यों द्वारा तकनीकी विश्लेषण व सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों का विश्लेषण कर अज्ञात आरोपी को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे।

कि इसी बीच प्रार्थी से पूछताछ पर यह पता चला कि जिला बिलासपुर निवासी निलेश डिगसेना द्वारा पिछले माह फरवरी में परिवारिक बात को लेकर घर आकर हम लोगों को देख लेने की धमकी दिया गया था। साथ ही पुलिस को प्रार्थी के घर के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे पर देखने पर पता चला कि 02 व्यक्ति कार में आग लग रहे हैं जिनके नाम क्रमशः राहुल कर्ष एवं कमल गुप्ता है तथा पास ही 02 अन्य आरोपी कार में बैठे दिखाई दे रहे हैं, जिनके नाम निलेश डिगसेना एवं गौरव खूंटे हैं। चारों व्यक्ति लाल रंग का स्विफ्ट कार क्र. सीजी-10-बीसी-7186 में आए थे तथा कार में आग लगाने के पश्चात चारों आरोपी भाग गए। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों की पुख्ता पहचान होने पर शहर पुलिस द्वारा जिला बिलासपुर स्थित आरोपियों के ठिकाने पर दबिश दिया गया तथा सभी चारों आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर थाना भाटापारा शहर लाया गया, जिसमें आरोपियों से पूछताछ पर उन्होंने पुराने परिवारिक बात को लेकर होलिका दहन की रात कार में आग लगाना स्वीकार किया है, कि प्रकरण में चारों आरोपी राहुल कर्ष, कमल गुप्ता, निलेश डिगसेना एवं गौरव खूंटे को को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

**(संपत्तिकर विभाग)**

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2024/1559/510 — भिलाई, दिनांक 27/3/2024

**//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//**

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम, भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगाः-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चौहान हाउसिंग प्रा.लिमि. जुनवानी, भिलाई, डायरेक्टर- श्री अजय चौहान, आ. स्व. श्री विपत (दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्री प्रताप नायक, आ. श्री जे.के. नायक, निवासी-क्वा. नं. 9/ए, सी.एस.-04, सेक्टर-05, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड नं.-2 CHPL, चौहान टाउन नियर शंकरचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज, जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं.-23, ब्लॉक नं.-डी-1, द्वितीय तल, क्षेत्रफल-969.26 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 2 | श्रीमती रेशमा बेगम ध.प. श्री अब्दुल जैद, साकिन- मकान नं.-103, खानकाह रोड, फरीदनगर, कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) से श्री छोटेलाल पारधी आ. स्व. श्री हीरालाल पारधी, सा.- अंश विला, स्ट्रीट नं.10, मंगल मार्केट के पास, कोहका भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती रति तिवारी, ध.प. श्री विजय कुमार तिवारी, सा.-म.नं.-एल.आई.जी.2/2424, हा.बो.औ.क्षेत्र, भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, शांतिनगर कोहका वार्ड, वार्ड नं. -10, चंद्रा नगर अंदर भाग भिलाई, खसरा नं. 5186/2, रकबा-800 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 3 | मेसर्स वेद प्रकाश चोपड़ा एण्ड कंपनी कुरूद भिलाई, भागीदार-आलोक कुमार लुनिया, पिता-स्व. जे.के. लूनिया निवासी-एस.एम.-31, पद्‌भनाभपुर दुर्ग तह.वजिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्री गोपी वरूण, पिता-स्व. एन.गोपी 2. श्रीमती षीना वरूण, पति-श्री गोपी वरूण, दोनों निवासी-एम.आई.जी.-1/1713, वर्ल्ड बैंक कालोनी कुरूद, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कुरूद, कोहका (वार्ड नं. 16 कुरूद वार्ड के सुन्दर बिहार फेस-2) भिलाई, खसरा नं.-1383/200, प्लाट नं.-205, रकबा-1925 वर्गफीट, आवासीय रिक्त भूमि। |
| 4 | श्री सतनाम सिंग आ. स्व. सुरजीत सिंग, निवासी-123, वार्ड 21, आकाश नगर तितुरडीह दुर्ग, तह.व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती रजनी चौहान ध.प. श्री श्याम लाल, निवासी-प्रथम बटालियन, सी.ए.एफ. लाईन भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी वार्ड नं. 01 अंतर्गत आनंद नगर आनंद गृह निर्माण सहकारी समिति जुनवानी, अंदर भाग, भिलाई, खसरा नं.-306/58, प्लाट नं.-13 का भाग बी, रकबा-1200 वर्गफीट, आवासी भवन निर्मित। |
| 5 | चौहान हाउसिंग प्रा. लिमि. जुनवानी, भिलाई, डायरेक्टर- श्री अजय चौहान, आ. स्व. श्री विपत (दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर, सुपेला, भिलाई, तह.व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती गिरिजा प्रसाद ध.प. श्री देवबचन प्रसाद, निवासी-क्वा. नं. 8ए, स्ट्रीट नं.-05, आशीष नगर, वेस्ट, नियर शक्ति भवन, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड न.2, चौहान हाउसिंग कंपनी, चौहान टाउन, फेस-II (पार्ट-II), चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं.-18, ब्लॉक नं.-जी1, चतुर्थ तल, क्षेत्रफल-670.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 6 | 1. श्रीमती वनिता महाले, पति श्री एस.के. महाले 2. एस.के. महाले, पिता-श्री जी.ए.महाले, दोनों निवासी-फ्लैट नं.-रिगल 62, चौथा माला कृष्णा ग्रॉड सिटी आर्यनगर वार्ड नं.07, पुरानी बस्ती कोहका सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | प्रियांश शर्मा, पिता-श्री राजेश कुमार शर्मा, निवासी-प्लाट नं.-15, कैलाश नगर, हनुमान मंदिर के पास, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, वार्ड नं.-09, पुरानी बस्ती कोहका वार्ड के कृष्णा ग्रॉड सिटी, भिलाई, फ्लैट नं.-62, चतुर्थ तल, टाईप-रीगल, ब्लॉक-सी, क्षेत्रफल-850 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 7 | 1. सुखचरण लाल पिता स्व. श्री रणजीत सिंह 2. श्री तुलसी कुमार, पिता स्व. श्री रणजीत सिंह 3. मुरारी कुमार पिता स्व. श्री रणजीत सिंह, तीनों निवासी-तुलसी रेडियो सेंटर सिरसा रोड कोहका, वार्ड 08, सुपेला, भिलाई दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) 4. चम्पादेवी जंघेल पिता स्व. श्री रणजीत सिंह, निवासी-हा.नं.222 देवरबीजा बेमेतरा (छ.ग.), 5. अम्बादेवी जंघेल पिता स्व. श्री रणजीत सिंह, निवासी-वार्ड नं.-07, देवकी नगर गंडई राजनांदगांव (छ.ग.) 6. श्रीमती समुंद बाई ध.प. स्व. श्री रणजीत सिंह, निवासी-तुलसी रेडियो सेंटर सिरसा रोड कोहका, वार्ड नं. 08, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) से 1. प्रवीण कुमार, पिता स्व. श्री रणजीत सिंह, 2. श्रीमती कुमलेश्वरी जंघेल, ध.प. स्व. श्री रेखलाल, 3. प्रियांशु जंघेल, पिता स्व. श्री रेखलाल, ना.बा. तुषार जंघेल, पिता-स्व. श्री रेखलाल, वली पालक मां श्रीमती कुमलेश्वरी जंघेल पति स्व. श्री रेखलाल, निवासी-तुलसी रेडियो सेंटर सिरसा रोड कोहका, वार्ड नं.08, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्रीमती कुमलेश्वरी जंघेल, ध.पं. स्व. श्री रेखलाल, 2. प्रियांशु जंघेल, पिता स्व. श्री रेखलाल, 3. ना.बा. तुषार जंघेल, पिता-स्व. श्री रेखलाल, वली पालक मां. श्रीमती कुमलेश्वरी जंघेल पति स्व. श्री रेखलाल, निवासी-तुलसी रेडियो सेंटर सिरसा रोड कोहका, वार्ड नं.08, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | हकत्याग/ बटवारानामा | कोहका, वार्ड नं. 08, रानी अवंती बाई कोहका के अंतर्गत टाटालाईन कोहका, भिलाई, खसरा नं.-3914/2, कुल रकबा-2145 वर्गफीट में से 920 वर्गफीट बटवारा में प्राप्त, आवासीय भवन निर्मित। |
| 8 | 1. सुखचरण लाल पिता स्व. श्री रणजीत सिंह 2. श्री तुलसी कुमार, पिता स्व. श्री रणजीत सिंह 3. मुरारी कुमार पिता स्व. श्री रणजीत सिंह, तीनों निवासी-तुलसी रेडियो सेंटर सिरसा रोड कोहका, वार्ड 08, सुपेला, भिलाई दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) 4. चम्पादेवी जंघेल पिता स्व. श्री रणजीत सिंह, निवासी-हा.नं.222 देवरबीजा बेमेतरा (छ.ग.), 5. अम्बादेवी जंघेल पिता स्व. श्री रणजीत सिंह, निवासी-वार्ड नं.-07, देवकी नगर गंडई राजनांदगांव (छ.ग.) 6. श्रीमती समुंद बाई ध.प. स्व. श्री रणजीत सिंह, निवासी-तुलसी रेडियो सेंटर सिरसा रोड कोहका, वार्ड नं. 08, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) से 1. प्रवीण कुमार, पिता स्व. श्री रणजीत सिंह, 2. श्रीमती कुमलेश्वरी जंघेल, ध.प. स्व. श्री रेखलाल, 3. प्रियांशु जंघेल, पिता स्व. श्री रेखलाल, ना.बा. तुषार जंघेल, पिता-स्व. श्री रेखलाल, वली पालक मां श्रीमती कुमलेश्वरी जंघेल पति स्व. श्री रेखलाल, निवासी-तुलसी रेडियो सेंटर सिरसा रोड कोहका, वार्ड नं.08, सुपेला, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | प्रवीण कुमार पिता स्व. श्री रणजीत सिंह, निवासी-टाटा लाईन तुलसी रेडियो सेंटर सिरसा रोड कोहका, वार्ड नं. 08, सुपेला भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | हकत्याग/ बटवारानामा | कोहका, वार्ड नं. 08, रानी अवंती बाई कोहका के अंतर्गत टाटालाईन कोहका, भिलाई, खसरा नं.-3914/1, कुल रकबा-2145 वर्गफीट में से 1225 वर्गफीट बटवारा में प्राप्त, आवासीय भवन निर्मित। |

उपायुक्त (संपत्तिकर)

## एक नजर

### सरेआम शराब पीते 33 गिरफ्तार

**रायपुर, 29 मार्च।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 33 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना फाटक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी कीर्ति दास जांगडे 25 वर्ष व मनोज सोनी 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी सुखदेव साहू 37 वर्ष व भावेश शुक्ला 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी जीतेंद्र नागदेवे 45 वर्ष, सुजीत कुमार साहू 34 वर्ष व निखिल कुमार 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी राजेंद्र कुमार 34 वर्ष, किशोर ताण्डी 25 वर्ष, महेंद्र रचदानी 32 वर्ष व गणेश दीप 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी श्रीराम चौहान 28 वर्ष, राजेश सिंह 38 वर्ष व चरण दास मानिकपुरी 37 वर्ष व चतुर सागर 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने आरोपी धनेश्वर निषाद 32 वर्ष, गोकुल पाल 36 वर्ष व तुलसीराम सोनकर 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आमानाका पुलिस ने आरोपी हेमंत कुमार कंवर 31 वर्ष, विशाल ढोले 23 वर्ष, पारस कुमार सोठिया 41 वर्ष, नरेंद्र वर्मा 35 वर्ष व पर्यटन वर्मा 53 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी मोह.आबिद 36 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी जीतेश श्रीवास 33 वर्ष, अजय श्रीवास 33 वर्ष व शेखर सोनकर 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी शुभम सिंगरौल 29 वर्ष, राजेश सिंगरौल 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आजाद चौक पुलिस ने आरोपी अजय मोहंती 47 वर्ष व जवाहर लाल शर्मा 51 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी तरूण नायक 40 वर्ष व धरसींवा पुलिस ने आरोपी पुनितराम साहू 58 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### मासूम बच्ची से रेप का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 29 मार्च।** राजधानी रायपुर में 6 साल की बच्ची के साथ रेप की घटना हुई है। आरोपी पड़ोस में रहने वाला युवक है। शिवरात्रि के दिन आरोपी बच्ची को उठाकर अपने घर ले गया, फिर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। डॉक्टर ने जांच के बाद रेप की पुष्टि की। माता-पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। पीड़ित बच्ची की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोसी मुकेश यादव 29 वर्ष ने उनकी 6 साल की बेटी से रेप किया है। उसने बताया कि घटना 8 मार्च को शिवरात्रि के दिन की है। मां ने बताया कि शिवरात्रि के दिन आरोपी का पूरा परिवार घर से बाहर गया हुआ था। ऐसे में आरोपी बच्ची को अपने साथ घर ले गया और रेप किया। उसने बच्ची को किसी से कुछ नहीं कहने के लिए डरा-धमका दिया। बच्ची ने घर आकर अपनी मां से कुछ नहीं बताया, लेकिन कुछ दिन बाद तबियत बिगड़ने पर माता-पिता उसे डॉक्टर के पास गए। डॉक्टर को जांच में रेप का शक हुआ। इसके बाद डॉक्टर ने ये बात परिजनों को बताई। इसके बाद मां ने बेटी से पूछताछ की, तो उसने टूटे-फूटे शब्दों में पूरी घटना का जिक्र किया। इसके बाद माता-पिता ने थाने में मामला दर्ज कराया। बच्ची के मां-बाप घर के पास ही पान ठेला लगाते हैं। दूसरी ओर आरोपी लाभांडी इलाके में एक होटल में मिस्त्री का काम करता है। पुलिस ने शिकायत मिलते ही 24 घंटे के भीतर आरोपी मुकेश यादव को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को उसे कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

### आपसी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर, 29 मार्च।** आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द में पुरानी रंजिश के चलते चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी फरहान आलम 18 वर्ष आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी उस्मान, रितिक, मोनू व अन्य ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े

**रायपुर, 29 मार्च।** चांदनी चौक सड्डू में पूर्व विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी जीतेन्द्र यादव 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी महेश निषाद ने पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी महेश निषाद 38 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी जितेन्द्र यादव ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो लड़कों पर चाकू से हमला, अस्पताल में भर्ती

**रायपुर, 29 मार्च।** गुढ़ियारी में चाकूबाजी की वारदात हुई है। घायल 2 लड़कों को मेकाहारा में भर्ती कराया गया है। वारदात के बारे में एसआई ने बताया कि घायल लड़के जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे। इस दौरान लोचन और आयुष नाम के आरोपियों ने जबरन गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने चाकू सामान हथियार से हमला किया। जिससे परमेश्वर और रौनक सिंह घायल हो गए।

# लोकसभा निर्वाचन व्यय की सीमा 95 लाख रुपए

## महासमुंद से भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी तीन को भरेंगी नामांकन

- 4 अप्रैल द्वितीय चरण के लिए अंतिम तिथि होने के कारण भाजपा-कांग्रेस प्रत्याशी भरेंगे जुलूस निकालकर नाम निर्देशन पत्र

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 29 मार्च।** लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण के लिए राजनांदगांव, महासमुंद एवं कांकेर में प्रत्याशियों ने नाम निर्देशन पत्र खरीदना शुरू कर दिया है। महासमुंद की भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी 3 अप्रैल को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में नाम निर्देशन पत्र जमा करेंगी। द्वितीय चरण के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है। इन लोकसभा क्षेत्रों में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, ताम्रध्वज साहू, भोजराज नाग, संतोष पांडेय की प्रतिष्ठा दांव में लगी है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार कांकेर, महासमुंद तथा राजनांदगांव में चुनाव कराने के लिए मतदान दलों को प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया गया है। कुल 6 हजार 567 केंद्रों में मतदान सम्पन्न होगा। द्वितीय चरण के लिए चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लेना शुरू कर दिया है। महासमुंद की रूपकुमारी चौधरी, कांकेर के भोजराज नाग एवं राजनांदगांव के संतोष पाण्डेय 1 अप्रैल को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री की उपस्थिति में जुलूस निकालकर तीन अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। कांग्रेस वार रूम से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव से अपना नामांकन शुभ मुहुर्त पर दाखिल करेंगे। एक अप्रैल से चैत्र मास शुरू हो रहा है इसलिए सभी प्रत्याशी चैत्र मास में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

### अभ्यर्थी को कामर्शियल बैंक में खोलना होगा पृथक एकाउंट

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार निर्वाचन हेतु अभ्यर्थी को शेड्यूल्ड कामर्शियल बैंक में एक पृथक बैंक एकाउंट नामांकन दाखिल करने के पहले खोलना होगा। नामांकन पत्र दाखिल करते समय अभ्यर्थी को इस बैंक एकाउंट का उल्लेख करना होगा। नाम निर्देशन की तारीख से लेकर परिणाम की घोषणा तक दोनों तिथियों को सम्मिलित करते हुए समस्त व्यय बैंक एकाउंट से स्वयं या निर्वाचन एजेंट द्वारा किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में कुल आबादी को देखते हुए लोकसभा अभ्यर्थी द्वारा किए जाने वाले निर्वाचन व्यय की सीमा 95 लाख रुपए निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी को चल-अचल संपत्ति का ब्यौरा शपथ पत्र में देना होगा। प्रचार अवधि के दौरान अभ्यर्थी अथवा निर्वाचन एजेंट के माध्यम से व्यय प्रेक्षक को अपना खर्च का ब्यौरा देना होगा। परिणाम घोषणा के 30 दिवस के भीतर अभ्यर्थी को अपने लेखे का विवरण जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। यदि अभ्यर्थी व्यय लेखा जमा नहीं करता है तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 धारा 10क के तहत तीन साल के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है। अभ्यर्थी को अपने अपराधिक रिकॉर्ड का मतदान दिवस के दो दिनों के पूर्व तीन बार समाचार पत्र एवं टेलीविजन में अपराधिक मामले के विषय में प्रकाशन/प्रसारण करना होगा। यदि अभ्यर्थी राजनीतिक दल द्वारा खड़ा किया गया है तो इसकी सूचना अपने दल को देनी होगी। राजनीतिक दल द्वारा स्थानीय अथवा राष्ट्रीय समाचार पत्र में अपराधिक प्रवृत्ति की जानकारी देना अपेक्षित होगा। उपरोक्त निर्देशों का अधिपालन न करना न्यायालय के आदेश की अवहेलना की श्रेणी में आएगा।



**रायपुर 29 मार्च।** राजधानी के राजीव स्मृति वन पार्क में आईएफएस एसोसिएशन ने होली मिलन का आयोजन किया, जहां बीयर और शराब की बोतलें मिली है।

## निगरानी दलों ने अब तक किए 25 करोड़ रुपये जब्त

**रायपुर 29 मार्च।** राज्य में लोकसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से अब तक 25 करोड़ 8 लाख रुपए की अवैध धन राशि और वस्तुएं जब्त की गई हैं. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान 28 मार्च तक 5 करोड़ 28 लाख रुपए की नगद धन राशि और 17311 लीटर अवैध शराब जब्त की है, जब्त शराब की कीमत 41 लाख रुपए है. इसके अलावा सघन जांच अभियान के दौरान एक करोड़ 48 लाख रुपए कीमत के 784 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ और 94 लाख रुपए कीमत के 23 किलोग्राम कीमती आभूषण भी जब्त किए गए हैं. साथ ही 16 लाख 96 हजार रुपए कीमत की अन्य सामग्रियां भी जब्त की गई हैं. बता दें की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए



आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं. इन दिशा-निर्देशों के परिपालन में राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है. प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जांच की कार्यवाही लगातार जारी है.

## वृद्धाश्रमों के बुजुर्गों संग मनाई होली

**रायपुर 29 मार्च।** अर्पण दिव्यांग स्कूल में आर्टिस्टिक वाइब्स फाउंडेशन का होली आयोजन कुछ अलग था। यहां 80 से 100 बुजुर्ग एक दूसरे को रंग लगा रहे थे ,सर पर तरह-तरह की टोपियां पहनकर नाच रहे थे और बार बार आंखों में भर आने वाले आंसुओं को मुस्कुराहट से बदल रहे थे। यह सारे बुजुर्ग वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्ग हैं। 24 वर्षीय तृप्ति लुनिया गत 9 वर्षों से मनोहर जीवन कल्याण विद्याश्रम का संचालन कर युवाओं के लिए प्रेरणा बनी हुई है। उन्होंने शहर के कई वृद्ध आश्रम के बुजुर्गों को एक जगह इकट्ठा करके यह अभिनव आयोजन किया।इसमें विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर भिलाई की स्वयंसिद्धा -ए मिशन विद ए विज, छत्तीसगढ़ की अग्रणी महिला नाट्य संस्था ने बुजुर्गों के जीवन पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सब का दिल जीत लिया। मनोहर जीवन कल्याण,संजीवनी आश्रम, चितवन वृद्ध आश्रम, लायंस क्लब वृद्ध आश्रम, माना कैंप स्थित वृद्ध आश्रम कोपल डे केयर आदि के सारे बुजुर्गों ने अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के बच्चों के साथ अपना एक अलग संसार रच डाला एवं जमकर गीतों पर झूमे। जीवन संध्या प्रस्तुत कर बुजुर्गों को भाव विभोर कर दिया ।नाटक में एक स्त्री के जन्म से लेकर वृद्धावस्था तक की यात्रा को बखूबी दिखाया गया जिसमें वह हर पल अपनी इच्छाओं को मारती है लेकिन बुजुर्ग होने के बाद अपनी पोती की सहायता से फिर से अपनी कलाओं को निखार के इंटरनेट के द्वारा दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाती है।

नाटक में महिलाओं को संदेश दिया गया कि वह जीवन भर अपने चेहरे पर मुखोटे लगा के रखती हैं लेकिन अब समय है इन को हटाने का और अपना असल चेहरा इस दुनिया तक लाने का। इस नाटक ने युवा पीढ़ी को भी बेहद प्रभावित किया और वह बुजुर्गों और महिलाओं के प्रति संवेदनशील हो उठे। नाटक की लेखिका एवं निदेशक डॉ. सोनाली चक्रवर्ती थी एवं उनके साथ रीता वैष्णव, सुशीला साहू व लक्ष्मी साहू ने अपने अभिनय से उक्त कार्यक्रम में रायपुर के लोगों ने अपना सहयोग दिया।

## चुनाव आयोग की मंजूरी से प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी

- सोनमणि बोरा, ऋचा शर्मा केंद्र से शीघ्र लौटेंगे

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 29 मार्च।** प्रदेश में लोकसभा चुनाव के बीच निर्वाचन आयोग से अनुमति लेकर बड़ी प्रशासनिक सर्जरी किए जाने की तैयारी चल रही है। इधर कर्मचारी संगठनों ने दिव्यांग एवं अन्य गंभीर बीमारी से पीड़ित कर्मचारियों की ड्यूटी निर्वाचन में नहीं लगाने का अनुरोध मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से किया है।

महानदी मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार भारत शासन में प्रतिनियुक्ति पर प्रमुख सचिव के पद पर कार्यरत सोनमणि बोरा एवं ऋचा शर्मा की शीघ्र वापसी होने वाली है। वे अगले महीने आकर छत्तीसगढ़ में अपनी ज्वाइनिंग दे देंगे। सोनमणि बोरा नगर निगम रायपुर के अलावा बिलासपुर, अंबिकापुर तथा मंत्रालय में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनकी पत्नी भी भारतीय रेल सेवा की अधिकारी हैं। उनको भी वापस डीआरएम कार्यालय लाया जाएगा। एसीएस स्तर की अधिकारी ऋचा शर्मा भी शीघ्र राजधानी लौटेंगी। वे खाद्य विभाग के अलावा कलेक्टर जगदलपुर सहित अन्य स्थानों पर अपनी सेवाएं दे चुकीं हैं। राज्य में दो महीने के अंदर ही 10 से अधिक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अवकाश ग्रहण करने जा रहे हैं। इसलिए राज्य में अब अधिकारियों का टोटा होने वाला है। बताया जाता है कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से अनुमोदन मिलने के बाद ही अधिकारियों की नियुक्ति की जा सकेगी।

### आयोग में कई फाइलें लंबित

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में इस समय बड़ी संख्या में भवन, टेण्डर तथा पदस्थापना संबंधी फाइलें अनुमोदन के लिए लटक गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। शिक्षा विभाग में 20 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया है। यहां पर प्राचार्य, व्याख्याता, संकुल प्रभारी सहित अन्य पदों के लिए विभिन्न मंत्रियों एवं विधायकों की अनुशंसा आने के बाद प्रस्ताव बनाया गया है लेकिन इसे अभी तक अनुमति नहीं मिली है। नगरीय निकाय विभाग में प्रतिनियुक्ति पर कार्य करने वाले सब इंजीनियर एवं अन्य अधिकारी अपने मूल विभाग में जाना चाहते हैं। पूर्व मंत्री द्वारा लेन-देन के आधार पर की गई स्थानांतरण लिस्ट का परिणाम भी कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। आबकारी नीति भी लंबित है। एक अप्रैल से देशी-विदेशी शराब के मूल्य बढ़ाने के प्रस्ताव शासन ने पारित कर दिया है। लेकिन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में अनुमोदन हेतु फाइल लंबित है। विभिन्न विभागों के अधिकारी नए भवन के लोकार्पण, टेंडर सहित अन्य कार्यों के लिए सीईओ कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं।

## राजधानी में लेडी डॉन गिरफ्तार

- पुलिस पर करवाती थी कुत्तों से हमला

**रायपुर 29 मार्च।** छत्तीसगढ़ की राजधानी पुलिस ने एक ऐसे शातिर लेडी डॉन को पकड़ा है, जो खुद को बचाने के लिए गिरफ्तार करने आई पुलिस पर कुत्तों से हमला करवाती थी। इतना ही नहीं पुलिस वालों को चकमा देने के लिए अपने पास रखे मासूम बच्चे को फेंक देने की धमकी देती थी। लेडी डॉन के ऐसे ही कारनामे से परेशान पुलिस को कई बार खाली हाथ लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। लेकिन इस बार पुलिस के सामने लेडी डॉन की एक भी न चली और रायपुर पुलिस ने उसे और उसके पति को गिरफ्तार कर ही लिया। पकड़ी गई महिला राजधानी में नशे का अवैध व्यापार चलाती थी। नशे का सामान बेचने के लिए उसने अपने गिरोह में नाबालिग लड़कों को किया हुआ था और उन्हीं से ये सामान बिकवाती थी।

दरअसल, खुद को महिला डॉन बताने वाली मुस्कान रात्रे की पुलिस को काफी लंबे समय से तलाश थी। महिला पुलिस के डर से



छुप-छुपकर नशे का अवैध व्यापार कर रही थी। पुलिस जब भी उसे गिरफ्तार करने उसके पास पहुंचती तो वो कोई न कोई तरकीब लगाकर पुलिस को चकमा देने में कामयाब हो जाती थी। 21 दिसंबर 2023 को नशे के विरुद्ध थाना कबीर नगर में आरोपियों सोहेल खान,मुस्कान रात्रे और प्रियेश उर्फ़ प्रिंस यदु के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। एफआईआर के बाद से ही आरोपिया और उसका पति फरार था। रायपुर एसएसपी संतोष सिंह ने मामले को गंभीरता से लिया और पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए।८स्क दौलत राम पोर्ते, आईपीएस अमन कुमार झा के नेतृत्व में थाना प्रभारी कबीर नगर व मौदहापारा थाना की एक विशेष टीम बनाई गई। टीम को जांच के दौरान कबीर नगर में आरोपियों के होने की सूचना मिली। पुलिस ने सूचना पर बिना समय गवांए थाने के स्टाफ के साथ छापामार कार्रवाई करते हुए घेरा बंदी की गई। पुलिस को आते देख महिला डॉन मुस्कान भागने की कोशिश करते हुए खुद को नुकसान पहुंचाकर पुलिस वालों को फंसा देने की धमकी देने लगी। लेकिन इस बार पुलिस उसके झांसे में नहीं आई और उसे गिरफ्तार करने में कामयाब रही। पुलिस ने महिला के पति को भी गिरफ्तार किया है।

इसके पहले भी पुलिस द्वारा दबिश देने पर कुत्ते के भय और बच्चे को फेंक कर तथा गैस सिलेंडर खोलकर डराने का प्रयास कर चुकी थी। इस बार कोई चाल काम नहीं आया और दोनों आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया। महिला अपराधी की हौसला इतना बुलंद हो गया है कि वह धमकी देकर लोगों से पैसों की उगाही करती है पैसा नहीं देने पर फंसा देने की धमकी देती है।

## दीपक बैज को प्रताड़ित करने की हो रही कोशिश: विजय शर्मा

**रायपुर 29 मार्च।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बढ़ रही अंतर्कलह पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बड़ा बयान दिया है. इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस के नारी न्याय का फार्म भरवाए जाने पर निशाना साधा है. विजय शर्मा ने कांग्रेस में बढ़ रही अंतर्कलह पर कहा कि कांग्रेस में पीसीसी चीफ दीपक बैज को प्रताड़ित करने की कोशिश हो रही है. एक वर्ग उन्हें लगातार टारगेट करने का प्रयास कर रहा है. चुनाव के समय भी लेनदेन का मामला सामने आया था. यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है पर ऐसा प्रतीत होता है कि जानबूझकर दीपक बैज को टारगेट किया जा रहा है.



छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के आज से नारी न्याय का फार्म भरवाए जाने पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के पास इस समय विश्वसनीयता का संकट है. उन्होंने पहले जो भी वादा किया उसे पूरा नहीं किया. अब राहुल गांधी कुछ भी कहें लोग मानने वाले नहीं हैं. लोगों को पता है देश में मोदीजी की सरकार बन रही है. इन्होंने वादा निभाया नहीं इसलिए जनता ने उन्हें नकार दिया.

राजनांदगांव लोकसभा में मिल रहे फीडबैक को लेकर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जो महादेव एप के नाम से बहुत से परिवारों को बर्बाद कर पैसे खाए हो जो कोयला की दलाली करके पैसा खाए हो जो शराब में फर्जी होलोग्राम लगाकर शराब के पैसे खाए हो. जिन्होंने राजनांदगांव से विभिन्न संस्थाओं को बाहर कर दिया हो. जिन्होंने वोट के नाम पर जिले का प्रस्ताव रखा हो. ऐसे व्यक्ति को पूरे क्षेत्र में कोई भी स्वीकार करने वाला नहीं है.

### न केवल जनता, अपितु कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी भूपेश के रवैए से जबर्दस्त आक्रोश

## बस्तर से लेकर सरगुजा तक इस्तीफों का सिलसिला कांग्रेस के प्रति मोह भंग का परिचायक: देव

**रायपुर 29 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा है कि न केवल जनता का, अपितु कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भी कांग्रेस से पूरी तरह मोहभंग हो गया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के प्रति कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी जबर्दस्त आक्रोश था। बस्तर में महापौर ने अपने सहयोगी पार्षदों के साथ भाजपा में प्रवेश किया, बिलासपुर में नगरपालिका अध्यक्ष कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ आमरण अनशन कर रहे हैं, सरगुजा क्षेत्र में हजारों कार्यकर्ता कांग्रेस से इस्तीफा देने तैयार बैठे हैं और राजनांदगाँव में भूपेश बघेल को कार्यकर्ता सम्मेलन के मंच से विरोध का सामना करना पड़ा। श्री देव ने कहा कि यह साफ बताता है कि कांग्रेस के प्रति लोगों का मोह भंग हो गया है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने जगदलपुर प्रवास से राजधानी लौटकर हेलीपेड पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कांग्रेसमुक्त भारत के सपने को कांग्रेस के लोग अपने कृत्यों से पूरा कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता तो अपने लोगों को ही नहीं संभाल पा रहे हैं, अब कांग्रेसी नेता अपने कार्यकर्ताओं को जवाब देने लायक भी नहीं बचे हैं। श्री देव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में कार्यकर्ताओं को अब घुटन महसूस होने लगी है। कांग्रेस के पार्टी के पास न तो नीति है, न नियम है और न ही नेता हैं। सरगुजा संभाग में बड़ी संख्या में लोग भाजपा में आ रहे हैं तो वहीं बस्तर में हजारों की संख्या में लोग कांग्रेस को छोड़कर विकास की मुख्यधारा से ही जुड़ने के लिए भाजपा से जुड़े रहे हैं और भाजपा पर अपना विश्वास व्यक्त कर रहे हैं क्योंकि भाजपा हमेशा विकास की राजनीति करती है। छत्तीसगढ़ में अपने पिछले पाँच वर्षों के शासनकाल में कांग्रेस ने ऐसा एक भी कार्य नहीं किया है जिससे जनता जनार्दन को लाभ मिले। केवल घोषणा-पर-घोषणा ही करने में लगी रही कांग्रेस की पिछली प्रदेश सरकार ने उन घोषणाओं को अपने पूरे कार्यकाल में पूरा नहीं किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव बुधवार को बस्तर में होने वाले प्रथम चरण के चुनाव के लिए नामांकन दाखिले के लिए जगदलपुर में उपस्थित रहे जहाँ नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा नामांकन रैली में शामिल हुए थे। श्री देव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। विकास के नए अध्याय की शुरुआत प्रधानमंत्री श्री मोदी के सक्षम व सशक्त नेतृत्व में हुई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी सभी वर्गों के लिए योजना बनाकर कार्य कर रहे हैं। आज एक सूत्र में बंधकर विश्व के मानचित्र में हमारा देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। श्री देव ने कहा कि प्रतिशोध की राजनीति कैसे की जाती है, अपने 5 वर्षों के कार्यकाल के दौरान कांग्रेस पार्टी ने यह बताया है; जबकि भाजपा की सरकार ने तो तीन महीनों में ही मोदी की गारंटी की योजनाओं को संचालित करने में तेजी से आगे बढ़ रही है। श्री देव ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद से भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं। भाजपा विधानसभा चुनाव के बाद से जनता के बीच जाकर कार्य कर रही है और जनता का विश्वास भाजपा के प्रति बढ़ा है।

### जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ करने ईओडब्ल्यू को मिली अनुमति

**रायपुर, 29 मार्च ।** छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा, शराब घोटाला, कोयला घोटाला मामले में एसीबी जांच में तेजी आई है। ईओडब्ल्यू को जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ की अनुमति मिल गई है। 29 मार्च से 2 अप्रैल तक जेल में बंद आरोपियों से एसीबी, ईओडब्ल्यू की टीम जेल में बंद आरोपियों से पूछताछ करेगी। इसके लिए स्पेशल कोर्ट ने अनुमति दे दी है। एसीबी 29 मार्च से दो अप्रैल के बीच अलग-अलग दिनों में अलग-अलग प्रकरणों में पूछताछ करेगी। प्रवर्तन निदेशालय ईडी की विशेष अदालत में एसीबी की ओर से तीन आवेदन पेश किए गए थे। इन आवेदनों में जेल में बंद आरोपितों से पूछताछ की मांग की गई थी।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26